दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

NNI
हर खबर पर पक्की नजर

पत्रकारिता हमारा धर्म
निष्पक्षता हमारी पहचान

# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया

सत्यता व निष्पक्षता का छठवां वर्ष
www.nnindianews.com

वर्ष:06, अंक:-07, पृष्ठ: 12 | सोमवार, 13 जुलाई, 2026 | मूल्य- 03.00 रुपये मात्र

# कानपुर में भीषण हादसा

## नेशनल हाईवे पर खड़े ट्रक से टकराई स्कॉर्पियो, तीन की मौत, 9 लोग घायल

**कानपुर।** महाराजपुर थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह कानपुर-प्रयागराज नेशनल हाईवे पर भीषण सड़क हादसा हो गया। रूमा स्थित न्यू जेके ढाबा के पास हाईवे पर खड़े ट्रक से तेज रफ्तार स्कॉर्पियो टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि गाड़ी के परखच्चे उड़ गए और चीख-पुकार मच गई। हादसा सुबह करीब साढ़े पांच बजे हुआ।

वाहन संख्या एचआर 14एम 9501 स्कॉर्पियो सिरसा, हरियाणा से बिहार जा रही थी। इसमें 12 लोग सवार थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार स्कॉर्पियो किसी अज्ञात वाहन को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े ट्रक में पीछे से घुस गई। हादसे में स्कॉर्पियो सवार एक 45 वर्षीय



पुरुष, 13 वर्ष की एक लड़की और लगभग नौ वर्ष के एक लड़के की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची महाराजपुर पुलिस और एनएचएआई की टीम ने क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त वाहन को हटाकर यातायात सुचारू कराया।

गंभीर रूप से घायल 9 लोगों को एंबुलेंस से कांशीराम अस्पताल भेजा गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद सभी को हैलेट अस्पताल रेफर कर दिया गया। घायलों में दो महिलाएं, चार पुरुष और तीन बच्चियां शामिल हैं। इनमें हिमांशु, नील यादव, केशव भारती समेत 3 बच्चियां अनिशा, स्नेहा और एक 7 वर्षीय बच्ची भी भर्ती है। दो महिलाओं और एक पुरुष की हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच की जा रही है।

## 7 दिन में फिर रफ्तार पकड़ेगा मानसूनः मौसम विभाग

**नई दिल्ली।** राजस्थान, गुजरात और उत्तर-पश्चिम भारत के कई हिस्सों में बीते 3-4 दिनों में कमजोर पड़ा मानसून 20 जुलाई से फिर रफ्तार पकड़ेगा। सैटेलाइट इमेज में पूर्वी, मध्य और पूर्वोत्तर भारत के ऊपर घने बादल दिखाई दे रहे हैं।



मौसम विभाग के मुताबिक, बांग्लादेश और पूर्वोत्तर के ऊपर बने चक्रवाती सिस्टम और पश्चिमी विक्षोभ (वेस्टर्न डिस्टर्बेंस) के कारण अगले कुछ दिनों में बारिश की गतिविधियां तेज होंगी। मौसम विभाग ने आज उत्तर प्रदेश, बिहार समेत 18 राज्यों में बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। वहीं उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, पश्चिम बंगाल, पूर्वोत्तर राज्यों और पूर्वी उत्तर प्रदेश में अगले 6-7 दिनों तक कई जगह अच्छी से भारी बारिश होने का अनुमान है।

## केपीएससी के चेयरमैन को राज्यपाल ने किया निलंबित, सरकारी नौकरी में बेटियों की अवैध भर्ती का आरोप

**बंगलुरु।** कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने सोमवार को कर्नाटक लोक सेवा आयोग (केपीएससी) के अध्यक्ष शिवशंकरप्पा एस. साहूकार को निलंबित कर दिया। उन पर आरोप है कि उन्होंने अपनी दो बेटियों को इंडस्ट्रियल एक्सटेंशन ऑफिसर के पद पर कथित तौर पर अवैध तरीके से चयनित कराने में मदद की। राज्यपाल ने इस पूरे मामले की जांच के लिए संविधान के अनुच्छेद 317(1) के तहत राष्ट्रपति से सुप्रीम कोर्ट में संदर्भ भेजने की भी सिफारिश की है।


राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने यह भी निर्देश दिया है कि अगले आदेश तक आयोग के सबसे वरिष्ठ सदस्य केपीएससी अध्यक्ष के दायित्व निभाएंगे। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष, स्वतंत्र और पारदर्शी जांच सुनिश्चित करने के लिए साहूकार को निलंबित करना आवश्यक है। राज्यपाल के आदेश में कहा गया है कि राज्यपाल ने भारत के राष्ट्रपति से संविधान के अनुच्छेद 317(1) के तहत भारत के सर्वोच्च न्यायालय को इस मामले में आवश्यक जांच के लिए संदर्भ भेजने की सिफारिश की है। यह जांच केपीएससी अध्यक्ष शिवशंकरप्पा एस. साहूकार के खिलाफ लगाए गए आरोपों से जुड़ी होगी।

## बैंकॉक के पब में लगी भीषण आग 27 लोगों की मौत, 63 घायल

**बैंकॉक।** थाइलैंड की राजधानी बैंकॉक से इस वक्त की बड़ी खबर सामने आ रही है। यहां सोमवार सुबह-सुबह एक पब में आग लगने से दर्दनाक हादसा हो गया। आग लगने की इस



घटना में 27 लोगों की मौत हो गई, जबकि 63 लोग घायल हो गए हैं। घटना के कई वीडियो भी सोशल मीडिया पर सामने आए हैं। वीडियो में पब के मेन गेट से आग और धुएं का गुबार निकलते हुए देखा जा सकता है। फिलहाल आग पर काबू पा लिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि सोमवार तड़के बैंकॉक के एक पब में भीषण आग लग गई। आग लगने से यहां कम से कम 27 लोगों की मौत हो गई हैं। वहीं सूचना मिलते ही दमकल विभाग के कर्मचारी भी तुरंत मौके पर पहुंचे और बाद में आग पर काबू पाया। बचाव कर्मियों ने बताया कि आग लगने की सूचना आधी रात के आसपास मिली। मौके पर सबसे पहले पहुंचने वाले लोगों ने आग लगने की इस घटना के वीडियो भी सोशल मीडिया पर पोस्ट किए हैं। वीडियो में थाईलैंड राजधानी बैंकॉक के उत्तरी हिस्से में स्थित पब के सामने के दरवाजे से आग की भीषण लपटें निकलती और आसमान में घना काला धुआं उठता दिख रहा है। वीडियो में कुछ लोग वहां से भागने की कोशिश करते हुए भी दिख रहे हैं।



# इंडोनेशिया में दो ट्रकों की टक्कर से 13 लोगों की मौत



**जकार्ता।** इंडोनेशिया के जावा द्वीप पर एक दर्दनाक सड़क हादसे में 13 लोगों की मौत हो गई। ये सभी लोग एक शादी समारोह से लौट रहे थे, जिसमें यह बतौर मेहमान शामिल हुए थे। जानकारी के मुताबिक ये सभी लोग एक खुले पिकअप वैन में सफर कर रहे थे। इस दौरान एक विंग-बॉक्स ट्रक ने उनकी ट्रक को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर के बाद ट्रक दूसरी लेन में चली गई, जहां अन्य ट्रक ने उसमें टक्कर मार दी। इस तरह से दोनों ट्रकों की टक्कर से 13 लोगों की मौत हो गई, जबकि 5 लोग घायल बताए जा रहे हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस ने सोमवार को बताया कि इंडोनेशिया के मुख्य द्वीप जावा पर एक दर्दनाक हादसा हो गया। यहां एक व्यस्त हाईवे पर शादी के लिए मेहमानों को ले जा रही एक पिकअप ट्रक दो ट्रकों के बीच कुचल गई। इस हादसे में 13 लोगों की मौत हो गई, जबकि पांच लोग घायल हो गए हैं। स्थानीय ट्रैफिक पुलिस प्रमुख उडांग शरीफ हिदायत ने बताया कि यह दुर्घटना रविवार दोपहर इंद्रामायु रीजेंसी के कियाजारन कुलोन गांव के पास उत्तरी तटीय हाईवे पर हुई। यह समूह पड़ोसी पारेन गांव में एक शादी में शामिल होकर घर लौट रहा था।

ट्रैफिक पुलिस अधिकारी ने बताया कि पीड़ित एक खुली पिकअप ट्रक में यात्रा कर रहे थे। हाईवे पर यू-टर्न लेने के लिए जब गाड़ी धीमी हुई और मीडियन ओपनिंग के पास रुकी, तो उसी दिशा में आ रहे एक विंग-बॉक्स ट्रक ने उसे पीछे से टक्कर मार दी। हिदायत ने कहा, टक्कर से पिकअप दूसरी लेन में चली गई, जहां उसे एक और ट्रक ने टक्कर मार दी। इस जबरदस्त टक्कर से पिकअप ट्रक में सवार एक दर्जन से ज्यादा लोग हाईवे पर जा गिरे।

# जंग और तेज

## अमेरिका का 140 ईरानी ठिकानों पर हमला: तेहरान का कुवैत और बहरीन में जवाबी हमला



**वाशिंगटन/तेहरान।** अमेरिका ने रविवार को ईरान में 140 ठिकानों पर मिसाइल और ड्रोन हमले किए। ये हमले किश्म, सीरिक, बंदर अब्बास, जास्क, बुशेहर, खोंदाब, बंदर महशहर, बेहबहान, अंदीमेश्क, देजफुल, अहवाज, अबादान और खुर्रमशहर जैसे इलाकों में किए गए।

इसके जवाब में ईरान ने सोमवार को कुवैत और बहरीन में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमले का दावा किया। कुवैत के अली अल-सलेम एयरबेस पर ईंधन टैंक और पैट्रियट एयर डिफेंस सिस्टम को निशाना बनाया गया। साथ ही अहमद अल-जाबेर एयरबेस के रडार सिस्टम पर भी हमला किया गया।

इससे पहले बहरीन के शेख ईसा एयरबेस पर भी हमले का दावा किया था। संगठन के अनुसार, वहां हेलिकॉप्टर रखरखाव केंद्र, ए-8 विमान के हैंगर और अमेरिकी सेना के ड्रोन कमांड एंड कंट्रोल सेंटर को निशाना बनाया गया। वहीं, ईरान के सुप्रीम लीडर मुजतबा खामेनेई के सलाहकार मोहसिन रेजाई ने कहा है कि होर्मुज स्ट्रेट ईरान के लिए कई परमाणु बमों से भी ज्यादा अहम है। ISNA न्यूज एजेंसी के मुताबिक, रेजाई ने कहा कि ईरान होर्मुज की हर हाल में रक्षा करेगा।

**ओमान के पास जहाज लापता:** 'गैलेक्सी' जहाज पर हुए हमले में 11 भारतीय सवार थे। 10 को सुरक्षित बचा लिया गया, जबकि एक भारतीय अब भी लापता है। भारत ने हमले की निंदा करते हुए नागरिक जहाजों पर हमले तुरंत रोकने की अपील की।

**अमेरिका बोला- ईरान के 300 ठिकानों पर हमला किया:** अमेरिकी सेंट्रल कमांड के मुताबिक अमेरिका ने इस सप्ताह 3 दिनों में ईरान के 300 से ज्यादा सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया है।

**लेबनान पर इजराइल ने फिर हमले किए:** इजराइली सेना ने दक्षिणी लेबनान के नबातियेह जिले के कफर तेबनित कस्बे पर गोलीबारी की। फिलहाल इन हमलों में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

**कुवैत के सीमा चौकियों को नुकसान:** कुवैत की सेना ने रविवार को बताया कि हाल के हमलों में देश के उत्तरी हिस्से में स्थित तीन सीमा चौकियों को नुकसान पहुंचा है।

**खुजेस्तान में वाटर प्रोजेक्ट पर हमला:** ईरान के मुताबिक, दक्षिणी ईरान के महशहर शहर में एक वाटर प्रोजेक्ट पर प्रोजेक्टाइल गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए।

# 'सबूत दो या माफी मांगो'

## उमर अब्दुल्ला को भाजपा ने भेजा 100 करोड़ का मानहानि नोटिस

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर की राजनीति में एक बार फिर सियासी घमासान तेज हो गया है। भाजपा ने मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला को उनके विधायकों की खरीद-फरोख्त आरोपों पर 100 करोड़ की मानहानि का कानूनी नोटिस भेजा है। भाजपा ने आरोपों को पूरी तरह निराधार, झूठा और मानहानिकारक बताते हुए सात दिनों के भीतर सबूत पेश करने या सार्वजनिक रूप से बिना शर्त माफी मांगने की मांग की है।

भाजपा की जम्मू-कश्मीर इकाई के अनुसार यदि मुख्यमंत्री तय समय सीमा के भीतर अपने आरोपों के समर्थन में कोई ठोस साक्ष्य नहीं देते या माफी नहीं मांगते हैं, तो पार्टी उनके खिलाफ 100 करोड़ के हर्जाने का दीवानी मानहानि मुकदमा और अन्य कानूनी कार्रवाई शुरू करेगी। दरअसल पिछले सप्ताह हजरतबल में नेशनल कॉन्फ्रेंस के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने आरोप लगाया था कि भाजपा उनकी सरकार को गिराने की कोशिश कर रही है। उन्होंने दावा किया था कि जम्मू क्षेत्र के उनकी पार्टी के एक विधायक को भाजपा की ओर से 20 से 30 करोड़ रुपये, मंत्री पद और राज्य का दर्जा बहाल कराने का आश्वासन देकर पार्टी बदलने का प्रस्ताव दिया गया था। भाजपा अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद सतपाल शर्मा के निर्देश पर अधिवक्ता परिमोक्ष सेठ के माध्यम से भेजे गए नोटिस में कहा गया है कि मुख्यमंत्री के इन बयानों से पार्टी और उसके पदाधिकारियों की छवि को गंभीर नुकसान पहुंचा है। कानूनी नोटिस में मुख्यमंत्री से मांग की गई है कि वे लिखित रूप से अपने आरोप वापस लें, सात दिनों के भीतर बिना शर्त सार्वजनिक माफी जारी करें और भविष्य में भाजपा के खिलाफ इस तरह के कथित मानहानिकारक बयान देने से परहेज करें। भाजपा ने स्पष्ट किया है कि यदि इन मांगों का पालन नहीं किया गया, तो सक्षम न्यायालय में दीवानी और आपराधिक दोनों तरह की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इसमें 100 करोड़ रुपये की मानहानि का दावा भी शामिल होगा।

## कतर के पूर्व अमीर शेख हमद के निधन पर भारत में राष्ट्रीय शोक

**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने कतर के पूर्व शासक और 'फादर अमीर' शेख हमद बिन खलीफा अल-थानी के निधन पर सम्मान प्रकट करते हुए सोमवार, 13 जुलाई को देश भर में एक दिवसीय राष्ट्रीय शोक की घोषणा की है। इस दौरान देश भर में राष्ट्रध्वज आधा झुका रहेगा और कोई भी आधिकारिक मनोरंजन कार्यक्रम आयोजित नहीं किया जाएगा। 74 वर्ष की आयु में निधन हो चुके शेख हमद के सम्मान में कतर ने भी रविवार से चार दिवसीय सार्वजनिक शोक का ऐलान किया है। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि सोमवार को पूरे भारत में राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका रहेगा और उस दिन कोई आधिकारिक मनोरंजन कार्यक्रम नहीं होगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शेख हमद के निधन पर शोक व्यक्त किया और उन्हें भारत का सच्चा दोस्त और एक दूरदर्शी नेता बताया, जिन्होंने कतर के विकास का नेतृत्व किया। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया पर कहा, एक दूरदर्शी नेता जिन्होंने कतर को विकास और समृद्धि के ऊंचे स्तर तक पहुंचाया, हम उन्हें एक सच्चे दोस्त के रूप में भी याद करते हैं, जिनसे मुझे फरवरी 2024 में कतर की अपनी पिछली यात्रा के दौरान मिलने का सौभाग्य मिला था। पीएम मोदी ने अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी, शाही परिवार और कतर की जनता के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की।

## यूपी: प्रदेश में देर रात एक साथ 182 पीसीएस अधिकारियों के तबादले

**लखनऊ।** राज्य सरकार ने रविवार देर रात 182 पीसीएस अधिकारियों के तबादले कर दिए। पीसीएस अधिकारी पुष्पेंद्र पटेल को एसडीएम अम्बेडकर नगर के पद पर तैनाती दी गई है। सुरभि शर्मा को उपजिलाधिकारी बागपत, प्रतिभा मिश्रा उपजिलाधिकारी कानपुर देहात, शुभम यादव को उपजिलाधिकारी बुलन्दशहर, गोपाल शर्मा को उपजिलाधिकारी बरेली, लवलीत कौर को ओएसडी ग्रेटर नोएडा ऑथोरिटी के पद पर तैनाती दी गई है। पीसीएस अधिकारी मिथलेश कुमार तिवारी को एसडीएम मैनपुरी, देवेंद्र प्रताप सिंह उपजिलाधिकारी झांसी, अजेंद्र सिंह को कौशाम्बी जिले से ट्रांसफर कर एसडीएम उन्नाव और प्रज्ञा पांडेय को एसडीएम बाराबंकी बनाया गया है।

# उत्तराखंड में 91 सड़कें बंद, कश्मीर में बादल फटे; हिमाचल में भारी बारिश का अलर्ट

**नई दिल्ली।** मौसम विभाग और तीनों राज्यों के स्थानीय प्रशासनों ने भारी बारिश वाले क्षेत्रों में स्थानीय भूस्खलन, जलभराव, फिसलन भरी सड़कों और कम दृश्यता के प्रति आगाह किया है।

उत्तर भारत के पहाड़ी राज्य इस समय मानसून और प्राकृतिक आपदाओं की दोहरी मार झेल रहे हैं। हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर (घाटी) में भारी बारिश, भूस्खलन और बादल फटने की घटनाओं ने जनजीवन को पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया है। नदियां उफान पर हैं, मुख्य हाईवे से लेकर सैकड़ों लिंक रोड बंद हैं और लोग लगातार मलबे व भूस्खलन के डर के साये में जीने को मजबूर हैं। बिगड़ते हालातों को देखते हुए मौसम विभाग और स्थानीय प्रशासन ने हाई अलर्ट जारी कर दिया है।



दक्षिण कश्मीर में प्रकृति का रौद्र रूप देखने को मिला है, जहां दो अलग-अलग प्रसिद्ध इलाकों में अचानक बादल फटने से नदी-नालों में भयंकर सैलाब आ गया। पहली घटना अनंतनाग जिले के चित्रगुल के ऊपरी पर्वतीय इलाकों में हुई, जिससे 'नाला आरपत चित्रगुल शांगस' में अचानक बाढ़ आ गई। इसके तुरंत बाद पर्यटन स्थल पहलगाम के 'नाला आवूरा' में भी बादल फटा, जिससे पानी का स्तर डरावनी तेजी से बढ़ गया। मटमैले पानी के तेज बहाव को देखकर निचले इलाकों और तटों पर कुछ समय के लिए घबराहट का माहौल बन गया। गनीमत रही कि पहलगाम तट पर स्थित प्रमुख होटलों में ठहरे देश-विदेश के सभी पर्यटक सुरक्षित हैं। आपदा प्रबंधन, पुलिस और राजस्व विभागों को पूरी तरह सतर्क मोड पर रखा गया है। संवेदनशील और निचले इलाकों में बचाव और निगरानी टीमें तैनात कर दी गई हैं। उत्तराखंड में भूस्खलन के कारण संपर्क मार्ग पूरी तरह टूट चुके हैं। राज्य में एक राष्ट्रीय राजमार्ग और दो स्टेट हाईवे समेत कुल 91 मुख्य मार्ग बंद हैं, जिससे आवाजाही ठप हो गई है।

लोक निर्माण विभाग (लोनिवि) सड़कों को खोलने की कोशिश में जुटा है, लेकिन लगातार गिरते मलबे से बाधा आ रही है। सबसे बदतर हालात पौड़ी गढ़वाल (21 मार्ग बंद) और चमोली (19 मार्ग बंद) में हैं। इसके अलावा टिहरी में 17 और पिथौरागढ़ में 10 सड़कें बंद हैं। राज्य के 11 बांध और बैराजों में जल स्तर खतरे के निशान के बेहद करीब पहुंच गया है। उत्तरकाशी में भागीरथी नदी, कोटेश्वर-रुद्रप्रयाग में अलकनंदा (बदरीनाथ के पास) का जलस्तर तेजी से बढ़ा, हालांकि बाद में इसमें मामूली कमी दर्ज की गई है। ऋषिकेश और हरिद्वार में गंगा का जलस्तर फिलहाल घट रहा है, लेकिन खतरा टला नहीं है।

स्वामी वीरेन अग्रवाल प्रकाशक विवेक खंडेलवाल मुद्रक इम्प्रेशन प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग लिमिटेड, सिकंदरा रोड, गुरु का ताल, आगरा से मुद्रित एवं बृज वैलबिल्ट प्राइवेट लिमिटेड, फ्लैट 302 तीसरी मंजिल ब्लॉक E /11/8 संजय प्लेस आगरा से प्रकाशित। **RNI Registration No., UPHIN/2021/88376।** प्रधान संपादक अरविन्द सिंह। चेयरमैन-स्वतंत्र कुमार। प्रबंध निदेशक ब्रजेश सिकरवार। E MAIL newsnextindianni@gmail.com, Website:-www.nnindianews.com
(प्रधान संपादक इस अंक में समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी है)

NNI
हर खबर पर पक्की नजर
पत्रकारिता हमारा धर्म
निष्पक्षता हमारी पहचान
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया



## हाथरस में रोडवेज बस ने युवक को कुचला, चालक फरार



एनएनआई

**हाथरस।** एटा-अलीगढ़ हाईवे पर एक रोडवेज बस ने रविवार की देर रात पैदल जा रहे मजदूर को कुचल दिया। इस हादसे में मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई। यह घटना रविवार देर रात सिकंद्राराऊ कोतवाली क्षेत्र के गांव हुसैनपुर के पास हुई। दुर्घटना के बाद बस चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने नेशनल हाईवे की एंबुलेंस की मदद से शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

मृतक की पहचान बिहार के आरा जिले के पियुरो थाना क्षेत्र के बछड़ी गांव निवासी 40 वर्षीय धनजीराम उर्फ राजकुमार पुत्र जगन्नाथ के रूप में हुई है। पुलिस ने मामले में कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है और फरार बस चालक की तलाश जारी है।

मृतक के चाचा ने जानकारी देते हुए बताया कि धनजीराम उर्फ राजकुमार धान की रोपाई के लिए सिर्कंदराराऊ आया था। परिवार की अन्य सदस्य भी यही मजदूरी करने बिहार से यहां आए हुए हैं। वह देर रात सड़क पर पैदल जा रहा था, तभी अलीगढ़ की ओर से आ रही रोडवेज बस ने उसे टक्कर मार दी। राजकुमार अपने पीछे पत्नी और तीन बच्चों को छोड़ गया है।

# यमुना एक्सप्रेसवे पर चलती कार में लगी भीषण आग

### बाल-बाल बचा अभिनव अरोड़ा का परिवार, दिल्ली जाते समय हुई घटना

एनएनआई

**मथुरा।** यमुना एक्सप्रेसवे पर सोमवार सुबह एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। वृंदावन से दिल्ली लौट रहे प्रसिद्ध बाल कथा वाचक अभिनव अरोड़ा की कार में अचानक आग लग गई। कार में सवार अभिनव अरोड़ा सहित उनका पूरा परिवार समय रहते बाहर निकल आया, जिससे किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। घटना थाना सुरीर क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेसवे के माइल स्टोन 84 पर रात करीब दो बजे हुई। सूचना मिलने पर थाना सुरीर पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची।



दिल्ली के विकासपुरी निवासी तरुण राज अरोड़ा अपनी डस्टर कार से पत्नी ज्योति अरोड़ा, पुत्र एवं बाल कथा वाचक अभिनव अरोड़ा और मन्नत अरोड़ा के साथ वृंदावन से दिल्ली लौट रहे थे। इसी दौरान चलते वाहन में अचानक आग लग गई। कार से धुआं और लपटें निकलती देख सभी लोग तुरंत बाहर निकल आए। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक वाहन काफी हद तक जल चुका था। पुलिस ने बताया कि हादसे में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। बाद में परिवार को दूसरे वाहन से सुरक्षित दिल्ली के लिए रवाना कर दिया गया। प्रारंभिक तौर पर आग लगने का कारण तकनीकी खराबी माना जा रहा है। घटना के दौरान एक्सप्रेसवे पर कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित हुआ, जिसे बाद में सामान्य करा दिया गया।

## साइबर ठगी गिरोह के चार सदस्य गिरफ्तार

### एक करोड़ की धोखाधड़ी का आरोप, 22 शिकायतें दर्ज



एनएनआई

**फिरोजाबाद।** साइबर अपराध के खिलाफ चलाए जा रहे 'साइबर वज्र अभियान' के तहत थाना दक्षिण पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने साइबर ठगी करने वाले एक गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से चार मोबाइल फोन और सात बैंक पासबुक बरामद की गई हैं।

गिरोह के अन्य तीन फरार सदस्यों की तलाश में पुलिस लगातार दबिश दे रही है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे के निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक (साइबर क्राइम) राजेश गुनावत के पर्यवेक्षण में यह कार्रवाई की गई।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान संजय, हेमंत, सूरज और हामिद के रूप में हुई है। ये सभी फिरोजाबाद के अलग-अलग क्षेत्रों के निवासी हैं। पुलिस ने रविवार शाम 7 बजे बताया कि आरोपी इन्वेस्टमेंट फ्रॉड, पेपर ट्रेडिंग और फर्जी एपीके (अढङ) लिंक के जरिए लोगों को ठगी का शिकार बनाते थे। ठगी गई रकम को विभिन्न बैंक खातों में ट्रांसफर किया जाता था।

पुलिस के अनुसार, इन आरोपियों के खिलाफ देश के विभिन्न राज्यों में साइबर धोखाधड़ी से संबंधित 22 शिकायतें दर्ज हैं। इन शिकायतों में लगभग एक करोड़ रुपये की ठगी का आरोप है। गिरफ्तार आरोपियों के बैंक खातों में इन शिकायतों से संबंधित करीब 10 लाख रुपये आने की पुष्टि हुई है। थाना दक्षिण में आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस ने बताया कि गिरोह के अन्य सदस्यों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी जा रही है और पूरे नेटवर्क की जांच जारी है।



# कैंट स्टेशन पर रेलवे अधिकारी को घसीटा, जड़ डाले थप्पड़

## आरपीएफ जवानों की हरकत से हंगामा, चार सस्पेंड

एनएनआई

**आगरा।** आगरा कैंट स्टेशन पर ड्यूटी के दौरान स्टेशन उपाधीक्षक (डिप्टी एसएस) नरेंद्र सिंह चाहर को गिराकर पीटने और घसीटकर आरपीएफ पोस्ट ले जाने के मामले ने रविवार को नया मोड़ ले लिया। घटना के विरोध में नरेंद्र सिंह चाहर अपनी पत्नी और बच्चों के साथ डीआरएम कार्यालय पहुंचे, जहां रेलवे अधिकारियों के साथ मीटिंग हुई। मीटिंग के दौरान फतेहपुर सीकरी सांसद राजकुमार चाहर भी पहुंचे और दोषी आरपीएफ कर्मियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के साथ मुकदमा दर्ज किए जाने की मांग की।

बैठक डीआरएम कार्यालय से निकलकर रेलवे इंस्टीट्यूट परिसर स्थित पार्क में हुई। इसमें डीआरएम के अलावा एडीआरएम, एसीएम, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक (सीनियर डीसीएम), वरिष्ठ मंडल परिचालन, आरपीएफ के डिप्टी कमांडेंट, आरपीएफ के कमांडेंट सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में नरेंद्र सिंह चाहर ने अधिकारियों के सामने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि ड्यूटी के दौरान उनके साथ गंभीर अभद्रता और मारपीट की गई। उन्होंने कहा कि उनके साथ जो दुर्व्यवहार हुआ, वह अत्यंत गलत है। उन्होंने संबंधित आरपीएफ कर्मियों से सार्वजनिक रूप से माफी मंगवाने, उनके खिलाफ सख्त विभागीय कार्रवाई करने तथा मुकदमा दर्ज कराने की मांग की।

बैठक में मौजूद उनकी पत्नी ने भी घटना पर कड़ा विरोध जताते हुए दोषी कर्मियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की।



उन्होंने कहा कि इस तरह की घटना से पूरे परिवार को मानसिक पीड़ा हुई है और दोषियों को दंड मिलना चाहिए इसी दौरान फतेहपुर सीकरी सांसद राजकुमार चाहर भी बैठक में पहुंचे। उन्होंने घटना को गंभीर बताते हुए कहा कि रेलवे प्रशासन दोषी आरपीएफ कर्मियों के खिलाफ कड़ी विभागीय कार्रवाई सुनिश्चित करे। साथ ही उन्होंने संबंधित कर्मियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई किए जाने की भी मांग की।

### ये है मामला

अमृतसर से विशाखापत्तनम जा रही हीराकुंड एक्सप्रेस रविवार सुबह 10:51 बजे आगरा कैंट के प्लेटफॉर्म नंबर एक पर आकर रुकी। इसी दौरान ट्रेन में यात्रा कर रहीं लुधियाना की यात्री रंजीता राव पेठा खरीदने के लिए प्लेटफॉर्म पर उतर गईं। खरीदारी में देरी होने पर ट्रेन चलने लगी।

ड्यूटी पर मौजूद स्टेशन उपाधीक्षक नरेंद्र सिंह चाहर ने महिला को दौड़ते देखा तो गार्ड को सूचना देकर ट्रेन रुकवा दी, जिससे महिला ट्रेन में सवार हो सके। इसी दौरान मौके पर पहुंचे आरपीएफ के एएसआई और कांस्टेबलों ने ट्रेन रुकने को चेन पुलिंग का मामला समझ लिया। महिला यात्री और उनके साथ मौजूद आशीष कुमार को ट्रेन में चढ़ने से रोकते हुए उन पर एक हजार रुपये जुर्माना लगा दिया।

डिप्टी एसएस ने आरपीएफ के जवानों को बताया कि ट्रेन चेन पुलिंग से नहीं, बल्कि उनके निर्देश पर रोकी गई है लेकिन वे नहीं मानें। बहस के बाद आरपीएफ जवानों ने डिप्टी एसएस की पिटाई शुरू कर दी। वायरल वीडियो में आरपीएफ के कई जवान प्लेटफॉर्म पर उन्हें गिरा-गिराकर पीट रहे हैं। इसके बाद घसीटते हुए आरपीएफ पोस्ट पर ले गए। घटना से अफरा-तफरी मच गई।

सूचना पर रेल अधिकारी पहुंचे और बीच-बचाव का प्रयास भी किया लेकिन विवाद शांत नहीं हुआ। इस दौरान हीराकुंड एक्सप्रेस भी कुछ देर तक स्टेशन पर खड़ी रही। सूचना मिलने पर रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे। महिला यात्री ने जीआरपी थाने में प्रार्थनापत्र देकर अपने बयान दर्ज कराए हैं। आरोप लगाया कि है कि आरपीएफ जवानों ने उनसे पैसे लेकर रसीद नहीं दी। इसी के बाद विवाद बढ़ा।

आगरा रेल मंडल के जनसंपर्क अधिकारी संजय कुमार गौतम ने बताया कि मामले की जांच के लिए तीन सदस्यीय जांच समिति गठित की गई है। समिति में सहायक सुरक्षा आयुक्त (एएससी) आगरा कैंट, सहायक मंडल विद्युत अभियंता (एडीईई) और सहायक परिचालन प्रबंधक (एओएम) को शामिल किया गया है। दूसरी ओर, एएसआई मेघराज मीणा, एएसआई बालकिशन, आरपीएफ कांस्टेबल जितेंद्र और बदन सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। जांच रिपोर्ट मिलने के बाद रेलवे नियमों के अनुसार विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

# ताजगंज थाने के पास हरी टीन शेड की आड़ में छांट दिए हरे पेड़



**आगरा एनएनआई।** कल जहाँ एक तरफ पूरे शहर में हरे पेड़ों को लगाया जा रहा था वही ताजगंज थाने से कुछ ही कदम की दूरी पर टीन शेड की आड़ मे हो रहे निर्माण के लिए रात के अंधेरे मे पेड़ों की कटाई व छटाई कर दी रात के अंधेरे मे अवैध निर्माण के साथ पेड़ों कटाई व छटाई से स्थानीय लोगो मे रोष व्यापत हो गया लोगो का कहना है की ताजमहल के आसपास खुबसुरती व सुरक्षा पर जारी किए गए आदेशों की खुलेआम अवहेलना है पुराने निर्माण को विभाग द्वारा दोस्त नहीं किया जा रहा नए निर्माण होते चले जा रहे हैं ताजमहल से महल से 200 मीटर की दूरी पर आरके स्टूडियो के पास इस होटल का निर्माण किया जा रहा है जिसके लिए पेड़ों की कटाई व छटाई की गई पर्यावरण संरक्षण को लेकर बड़ा सवाल उठ खड़ा हुआ है लोगो ने प्रशासन से कार्रवाई की मांग की है। होटल के निर्माण के लिए कसेरट बाजार निवासी रोहित माहेश्वरी को नोटिस भी जारी किया गया ए एस आई के कर्मचारी 2 जुलाई को निरीक्षण के लिए भी गए थे टीन शेड लगी होने के कारण वह अंदर नहीं जा सके।

## वैधानिक सूचना

सुधि पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गये तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति विज्ञापन दाता खुद ही जिम्मेदार है, पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहानिक जानकारी कर लें। किसी भी विज्ञापन से पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो न्यूज नेक्स्ट इंडिया के मुद्रक, प्रकाशक या संपादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

- प्रबंधक विज्ञापन

समाचार पत्र में छपे किसी भी लेख के लिए प्रधान संपादक उत्तरदायी नहीं है। प्रकाशित विभिन्न रचनाओं के लिए लेखक स्वयं उत्तरदायी है। समाचार पत्र में प्रकाशित सामिग्री / विज्ञापन आदि से प्रधान संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र सिर्फ आगरा होगा।

# निर्माणाधीन मकान की दूसरी मंजिल से गिरकर राजमिस्त्री की मौत

**आगरा एनएनआई।** थाना सदर के राजपुर चुंगी क्षेत्र के उखर्रा रोड पर रविवार दोपहर निर्माणाधीन मकान की दूसरी मंजिल पर काम कर रहे राजमिस्त्री की छत से गिरकर मौत हो गई। घटना के बाद पहुंचे परिजन ने सड़क पर शव रख हंगामा शुरू कर दिया। जाम लगाकर वाहन रोक दिए। पुलिस ने समझाकर शांत कराया और यातायात सुचारु कराया।

राजपुर चुंगी के प्रेम नगर निवासी सुरेश (70) राजमिस्त्री थे। वह तीन माह से उखर्रा रोड पर पवन शर्मा के निर्माणाधीन मकान में काम कर रहे थे। स्थानीय लोगों ने बताया कि रविवार दोपहर करीब एक बजे दूसरी मंजिल पर काम करने के दौरान उनका पैर फिसल गया और वह नीचे आ गिरे। मौके पर ही उनकी मृत्यु हो गई। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। इसके कारण जाम लग गया।

सूचना पर सुरेश के परिजन पहुंच गए। उन्होंने मकान स्वामी पर लापरवाही का आरोप लगाया और शव सड़क पर रखकर हंगामा शुरू कर दिया। मौके पर थाना पुलिस पहुंच गई। परिजन को समझाया। बातचीत के बाद मकान मालिक मुआवजा देने को तैयार हो गया। परिजन ने शव का पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया।

# शराब के ठेके पर महिलाओं का हंगामा, जमकर की नारेबाजी

**आगरा एनएनआई।** शराब के ठेके को लेकर महिलाओं का गुस्सा फूट पड़ा। बड़ी संख्या में महिलाओं ने ठेके के बाहर प्रदर्शन करते हुए जमकर नारेबाजी की। हंगामा बढ़ता देख ठेका संचालक दुकान बंद कर मौके से चला गया। महिलाओं का आरोप है कि ठेके पर रोज शराब पी जाती है, जिससे इलाके का माहौल खराब रहता है। उन्होंने प्रशासन से ठेका तत्काल हटाने की मांग की है और चेतावनी दी है कि कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। मामला जगदीशपुरा थाना क्षेत्र स्थित आलोक नगर का है। ठेके पर शराब पीने से बिगड़ रहा माहौल

प्रदर्शन कर रही महिलाओं ने आरोप लगाया कि ठेके पर खुलेआम शराब का सेवन होता है। यहां आने वाले लोग महिलाओं और युवतियों पर अभद्र टिप्पणियां करते हैं। ट्यूशन जाने वाली छात्राओं के साथ छेड़छाड़ और फब्तियां कसने की घटनाएं भी होती हैं। महिलाओं का कहना है कि ठेका मंदिर के पास संचालित हो रहा है, जिससे धार्मिक भावनाएं भी आहत हो रही हैं।

# ताजमहल में खूंखार हो रहे बंदर, पश्चिम बंगाल की महिला पर हमला

एनएनआई

**आगरा।** ताजनगरी में बंदरों का उत्पात थमने का नाम नहीं ले रहा है। रविवार को ताजमहल के पश्चिमी गेट के पास एक बंदर ने पश्चिम बंगाल की महिला पर्यटक पर हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गईं। पश्चिम बंगाल की महिला पर्यटक सुमिता रविवार को पश्चिमी गेट के पास घूम रही थीं। उनके हाथ में आइसक्रीम थी, जिसे देखकर एक बंदर ने पीछे से झपट्टा मार दिया। इस छीना-झपटी में बंदर के नाखून महिला के हाथ में लग गए और उसने शोर मचा दिया। घटना के तुरंत बाद मौके पर मौजूद सुरक्षाकर्मियों और गाइडों ने महिला को



संभाला। उन्हें पार्किंग स्थित पर्यटक सुविधा केंद्र ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार देने के बाद एंबुलेंस से महिला पर्यटक को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। बता दें दशहरा घाट मंदिर की ओर से हर दिन सुबह और शाम को खाने की तलाश में बंदरों का बड़ा झुंड ताजमहल में पहुंचता है। ये बंदर पर्यटकों पर हमलावर हो जाते हैं। स्थानीय लोगों भी उत्पाती बंदरों से परेशान हैं।

NNI
हर खबर पर पक्की नजर
पत्रकारिता हमारा धर्म
निष्पक्षता हमारी पहचान
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
आगरा
www.nnindianews.com
सोमवार, 13 जुलाई, 2026


# बच्चों के जीवन में उम्मीद की रोशनी जगा रहा श्री गिरिराज सेवक मंडल परिवार

- त्रैमासिक निःशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर में 300 से अधिक बच्चों का हुआ उपचार, तीन माह की दवाइयां भी वितरित



एनएनआई

**आगरा।** सेवा और समर्पण का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करते हुए श्री गिरिराज जी सेवक मंडल परिवार, आगरा द्वारा रे-ऑफ होम्योपैथिक वेलफेयर सोसाइटी के सहयोग से रविवार को बल्केश्वर स्थित श्री गणेश राम नागर सरस्वती शिशु बालिका विद्या मंदिर में त्रैमासिक निःशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।

पिछले आठ वर्षों से निरंतर संचालित इस सेवा अभियान के माध्यम से शारीरिक एवं मानसिक रूप से विशेष बच्चों को निःशुल्क उपचार, परामर्श और नई आशा प्रदान की जा रही है। शिविर में इस बार 300 से अधिक बच्चों का परीक्षण कर तीन माह की निःशुल्क दवाइयां वितरित की गईं।

संस्था के सदस्यों अजय गोयल, श्याम सुंदर माहेश्वरी और पवन कुमार अग्रवाल ने बताया कि शिविर में डॉ. शिव शंकर मीतवार, डॉ. नितिन वर्मा, डॉ भूपेंद्र, डॉ. अंकित त्यागी, डॉ. ललित गोला, डॉ. रोहित वर्मा, डॉ. गौरव, डॉ. प्रतिभा शर्मा, डॉक्टर शुभम, डॉ. शुभम, डॉ. श्रुति तथा डॉ. वसुंधरा सहित 40 सदस्यीय चिकित्सक टीम ने अपनी सेवाएं प्रदान करते हुए मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया, आवश्यक परामर्श दिया तथा तीन माह की निःशुल्क दवाइयां वितरित कीं।

इस अवसर पर संस्था के मनोज कुमार गर्ग, नीरज कुमार अग्रवाल, मनीष गोयल आदि उपस्थित रहे।

# श्री मनःकामेश्वर मंदिर के सीमा द्वार का लोकार्पण

## आकर्षक बनी एलईडी लाइटिंग, दूर से ही दिख रहा नाम



एनएनआई

**आगरा।** प्राचीन श्री मनःकामेश्वर मंदिर, हाथी घाट, यमुना किनारा पर नवनिर्मित सीमा द्वार (जीर्णोद्धार उपरांत) का लोकार्पण श्रद्धा एवं धार्मिक विधि-विधान के साथ संपन्न हुआ। मंदिर के श्री महंत योगेश पुरी ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधिवत पूजन-अर्चन कर सीमा द्वार का लोकार्पण किया तथा भगवान शिव से मंदिर में आने वाले सभी श्रद्धालुओं के सुख, समृद्धि एवं कल्याण की कामना की। इस अवसर पर मंदिर मठ प्रशासक हरिहर पुरी ने बताया कि मंदिर के मुख्य प्रवेश सीमा द्वार का जीर्णोद्धार कर उसे भव्य एवं आकर्षक स्वरूप प्रदान किया गया है। द्वार पर मंदिर के नाम को प्रमुखता से प्रदर्शित करते हुए अत्याधुनिक एलईडी लाइटिंग की व्यवस्था गौरव शर्मा एवं निशांत सिकरवार के सहयोग से कराई गई है, जिससे रात्रि के समय मंदिर का प्रवेश द्वार अत्यंत मनोहारी दिखाई देता है। उन्होंने बताया कि इस सीमा द्वार का सबसे बड़ा आकर्षण इसके शीर्ष पर स्थापित भगवान शिव के प्रतीक डमरू और त्रिशूल हैं, जो शिवभक्ति, सनातन संस्कृति और आध्यात्मिक आस्था का संदेश देते हैं। आकर्षक निर्माण एवं प्रकाश व्यवस्था के कारण यह द्वार श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए भी विशेष आकर्षण का केंद्र बन गया है।

# गौशाला में हरा चारा और सब्जियां खिलाई

एनएनआई



**आगरा।** कमला नगर स्थित कर्मयोगी गौशाला में 'हरि बोल ट्रस्ट', आगरा द्वारा एक भव्य गौ सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गौ माता को 7 कुंटल हरा चारा और ताजी सब्जियां खिलाई गईं। ट्रस्ट की संस्थापक ममता सिंघल और अध्यक्ष जितेंद्र गोयल 'जीतू भाई' समेत कई गणमान्य भक्तों ने इस पुण्य कार्य में हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान ट्रस्ट के पदाधिकारी और गौ भक्तों ने बढ़-चढ़कर सेवा कार्य किया। इनमें महामंत्री मोहन अग्रवाल, संयोजक हरीश पंजवानी, प्रियंका गोयल, उपाध्यक्ष विनय अग्रवाल व सतीश तोमर सहित चांदनी बंसल, पूजा गुप्ता, नूपुर सिंघल, सुनीता गुप्ता, नीलम अग्रवाल, ज्योति मित्तल, राखी गुप्ता, दुर्गा गुप्ता, संध्या पाराशर और मयंक बंसल आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# मोदी के विकसित भारत के संकल्प को साकार करेगी कैट की नवगठित कार्यकारिणी

## रोहित कत्याल बने जिलाध्यक्ष



एनएनआई

**आगरा।** कैट (कनफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स एसोसिएशन) इकाई का दायित्व ग्रहण समारोह शिल्पग्राम के निकट होटल ताज रिजॉर्ट में आयोजित हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री एस पी सिंह बघेल ने संस्था के सभी दायित्वधारियों को कामयाबी की शुभकामनाएं दी।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं संस्था के पदाधिकारियों द्वारा भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। केंद्रीय मंत्री एस पी सिंह बघेल ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की स्वदेशी एवं आत्मनिर्भर भारत बनाने के संकल्प को आपकी युवा टीम पूरा करेगी और कहा कि भारत को विकसित भारत बनाने में व्यापारी जगत के साथ महिला और युवा उधमी भी अब धीरे धीरे स्टार्टअप्स और एम एस एम ई के माध्यम से पूरा योगदान दे रहे हैं।भारत आज आत्मनिर्भर भारत संकल्प के लक्ष्य की और तेजी से बढ़ रहा है और आने वाले समय में भारत के बढ़ते कद को पूरा विश्व देखेगा। आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप से रमेश वाधवा, श्री महेश कर्दम, संजय अरोरा, राजीव कोहली, संस्था के अध्यक्ष रोहित कत्याल, सोनू कक्कड़, स्वीटी कालरा, चंद्रवीर फौजदार, गौरव शर्मा, नवीन गौतम, संजय धींगरा, अमित मदान, अमित खत्री, विकास गर्ग, प्रशांत मिश्रा, भीष्म लालवानी अमित कौरा,आदि उपस्थित रहे।



# श्रीजगन्नाथ रथयात्रा के लिए शहरवासियों को दिया निमंत्रण

## अब पूरे शहर में आध्यात्मिक उल्लास का रंग भरना शुरू

**आगरा (एनएनआई)।** श्रीजगन्नाथ रथयात्रा महोत्सव की तैयारियों ने अब पूरे शहर में आध्यात्मिक उल्लास का रंग भरना शुरू कर दिया है। इसी क्रम में रविवार को इस्कॉन आगरा की ओर से बल्केश्वर महादेव मंदिर से भव्य आमंत्रण यात्रा निकाली गई। मृदंग, मंजीरे और ढोलक की मधुर धुनों पर गूंजते हरिनाम संकीर्तन के बीच श्रद्धालु नृत्य करते हुए भगवान श्रीजगन्नाथ के महोत्सव का निमंत्रण देने शहर की गलियों में पहुंचे।

इस्कॉन आगरा के अध्यक्ष अरविन्द प्रभु के नेतृत्व में निकली इस यात्रा ने बल्केश्वर और कमला नगर क्षेत्र को भक्तिमय वातावरण से सराबोर कर दिया। हरे कृष्ण, हरे कृष्ण... हरे राम, हरे राम... के संकीर्तन के साथ आगे बढ़ रही यात्रा में शामिल श्रद्धालु पूरे उत्साह से नृत्य और भजन-कीर्तन करते रहे। मार्ग में अनेक स्थानों पर श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया, जबकि स्थानीय लोगों ने अपने घरों और प्रतिष्ठानों से भगवान को नमन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। आमंत्रण यात्रा ने सिटी मॉल, न्यू आदर्श नगर, पानी की टंकी, महाराजा अग्रसेन मार्ग, महाराजा अग्रसेन सेवा सदन होते हुए रश्मि नगर स्थित श्रीजगन्नाथ मंदिर पर विश्राम लिया। आमंत्रण यात्रा के दौरान भक्तों ने शहरवासियों को 14 जुलाई को



आयोजित होने वाले नयन उत्सव तथा 16 जुलाई को होने वाली भव्य श्रीजगन्नाथ रथयात्रा में परिवार सहित शामिल होने का आग्रह किया। नयन उत्सव के अवसर पर भगवान श्रीजगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा महारानी 14 दिनों के विश्राम के बाद भक्तों को पुनः दर्शन देंगे, जिसे लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह है। इस अवसर पर मुख्य रूप से विकास बंसल, नितेश अग्रवाल, संजय कुकरैजा, दीपक, प्रह्लाद अग्रवाल, विपिन रमेश यादव, हर्ष खटाना, ऋषभ, राजीव मल्होत्रा, सूरज, नवीन अग्रवाल आदि उपस्थित थे।।

# विघ्न हरें मंगल करें सदा प्रभु मयूरेश सर्वत्र विजय देते काटते सकल क्लेश

## माता पार्वती के भयभीत होने पर ऋषि मरीचि ने गणेश कवच बांधा

एनएनआई



**आगरा।** भगवान गणेश बचपन से ही सृष्टि का मंगल करने वाले कार्य करने लगे थे। पालने में लेटे-लेटे ही तमाम असुरों का वध किया। माता पार्वती के भयभीत होने पर ऋषि मरीचि ने गणेश कवच बांधा। भगवान गणेश के नाम से बनाया कवच आज भी उतना ही प्रभावी है।' कथावाचक डॉ दीपिका उपाध्याय ने श्री गणेश कवच की महिमा बताते हुए यह उद्गार व्यक्त किए। गुरुदीपिका योगक्षेम फाउंडेशन के तत्वावधान में दयालबाग में चल रहे श्रीगणेश पुराण प्रवचन का आज छठवां दिन था।

कथावाचक ने आगे भगवान गणेश के दिव्य एवं अमोघ अस्त्रों का वर्णन करते हुए परशु, परिघ, पाश तथा पद्म की उत्पत्ति की कथा सुनाई कि किस प्रकार देवों के शिल्पी विश्वकर्मा जी ने बालक गणेश को यह अस्त्र दिये।

आगे का माता कद्रू और विनता के विवाद की कथा सुनाते हुए कथावाचक ने कहा कि महिलाओं के विवाद कभी-कभी बड़े विचित्र परिणाम देते हैं। दोनों देवियों के मध्य के विवाद ने न केवल पक्षियों को नागों को बंदी बनाया बल्कि मयूर के जन्म की भूमिका भी निर्मित की। भगवान गणेश ने मयूर को अपने वाहन के रूप में स्वीकार कर 'मयूरेश्वर' नाम स्वीकार किया।

इस अवसर पर कैप्टन बिशन सिंह, देवेन्द्र गोयल, आर. के. मेहता, वीरकिशोर गुप्ता, विवेक गौड़, राधा शर्मा, कुसुम गौड़, अनुज गुप्ता, वीना कालरा, सरिता गौतम, सारिका कालरा आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# जैन मंदिर से भव्य शोभायात्रा का शुभारंभ

## मुनिराजों के मंच पर आते ही पंडाल जयकारों से गूंज उठा



एनएनआई

**आगरा।** ताज नगरी में प्रथम बार राज पैराडाइस, सेवला रोड से विहार कर सदर बाजार जैन मंदिर से भव्य शोभायात्रा का शुभारंभ सबसे आगे जैन ध्वजा ढ़ोल, झांकी, बैंड बाजो के साथ शहजादी मंडी, मेहर सिनेमा, आई. जी ऑफिस की ओर से पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर, जैन भवन, निर्मल सेवा सदन छीपीटोला में भव्य मंगल प्रवेश हुआ, जिसमें सबसे पहले महिलाएं जैन ध्वजा लेकर चल रही थी, झांकी में कलश लेकर बैंड अपनी मधुर ध्वनि से तुम से लगी लगन भजन पर नृत्य व संगीत पर महिलाएं और युवा अपनी भक्ति में झूम रहे थे। संतचर्या शिरोमणी पट्टाचार्य आचार्य भगवन श्री 108 विशुद्ध सागर महा मुनिराज के तीन अनमोल रत्न आगरा को मिला 'त्रियमुनिराज परम प्रभावक सुयोग्य शिष्य जगत विख्यात गृगल बाबा श्रमण मुनि श्री 108 समत्व सागर महाराज, श्रमण मुनि श्री 108 शील सागर महाराज का भव्य मंगल प्रवेश छीपीटोला में हुआ, ढोल नगाड़ों, बैंड बाजों के साथ भव्य अगवानी हुई जगह-जगह पर 108 पाद प्रक्षालन हुऐ, अगवानी में आचार्य श्री विशुद्ध सागर की झांकी और जीवन परिचय के समत्व सागर महाराज की झांकी आकर्षित कर रही थीं ' 3 मुनिराजों के मंच पर आते ही पंडाल जयकारों से गूंज उठा। विशाल पंडाल ऐसा लग रहा था जैसे किसी मंदिर का प्रांगण हो और वहां भक्त उत्सव मना रहे हों। शास्त्री जी द्वारा मंगलाचरण किया गया। इसके बाद दीप प्रज्जवलन, पाद प्रक्षालन, शास्त्र भेंट आदि मांगलिक कार्य संपन्न हुए। मुनि श्री का पाद प्रक्षालन किया गया ' मंच संचालन विजय शास्त्री जी ने किया गया '

इस मौके पर श्रुत मंथन वषायोग समिति के मनोज जैन, मुरारी लाल जैन, अनिल जैन, जगदीश प्रसाद, राकेश जैन, नीरज जैन जिनवाणी, अमित जैन (बाबी), आशीष जैन, रमेश जैन, मुकेश जैन, सतेंद्र जैन, राजीव जैन, आशीष जैन (बाबा), चक्रेश जैन, रोहित जैन, अनिकेत जैन, आदिश जैन गौरव जैन, सचिन जैन, मीडिया प्रभारी राहुल जैन समस्त नमोस्तु शासन संघ एवं समस्त मंडल, महिला मंडल, समस्त नमोस्तु शासन संघ एवं समस्त मंडल व महिला मंडल एवं सकल जैन मौजूद था।

# एमएलसी विजय शिवहरे के जन्मदिवस पर किया 101 यूनिट रक्तदान

## जन्मदिवस को बनाया जनकल्याण का पर्व,11 करोड़ की विकास योजनाओं का लोकार्पण

एनएनआई



**आगरा।** एमएलसी, विधायक एवं प्रदेश मंत्री विजय शिवहरे के जन्मदिवस को 'जनकल्याण दिवस' के रूप में मनाते हुए रविवार को नॉर्थ ईदगाह कॉलोनी स्थित उनके आवास पर विभिन्न जनहितकारी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 11 करोड़ रुपये की विधायक निधि से कराए गए विकास कार्यों का लोकार्पण, विशाल रक्तदान एवं स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर, जरूरतमंद महिलाओं को साड़ी वितरण तथा दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट वितरित किए गए।

कार्यक्रम का शुभारंभ शहर के प्रमुख संतों एवं जनप्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से किया। शुभारंभ करने वालों में श्रीमहंत योगेश पुरी, हनुमंत धाम (लंगड़े की चौकी) के महंत गोपी गुरु, गुरुद्वारा गुरु का ताल के संत बाबा प्रीतम सिंह, पृथ्वीनाथ महादेव मंदिर के महंत अजय राजोरिया, केंद्रीय राज्य मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल, राज्यसभा सांसद नवीन जैन, विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रशांत पूनिया, भाजपा महानगर अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता तथा महापौर हेमलता दिवाकर प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

एमएलसी विजय शिवहरे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जनकल्याण और विकास के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आगरा जिले की सड़कों को गड्ढामुक्त बनाना उनका प्रमुख लक्ष्य है।

इसी क्रम में विधायक निधि से लगभग 11 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास योजनाओं का लोकार्पण किया गया है। केंद्रीय राज्य मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल ने कहा कि सेवा और विकास के ऐसे कार्यक्रम समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का कार्य करते हैं। जनप्रतिनिधियों का दायित्व केवल विकास कार्य कराना ही नहीं, बल्कि समाज के प्रति संवेदनशील रहकर जनहित के कार्यों में भागीदारी निभाना भी है। इस अवसर पर बॉबी शिवहरे, अजय शिवहरे, उमंग शिवहरे, अनुज शिवहरे, धर्मेंद्र धाकड़, विकास भारद्वाज, कृष्ण मुरारी अग्रवाल, अशोक पिप्पल, रामसिया विकास गुप्ता, रोहित कत्याल, अनुज दिक्षित, लक्की दीक्षित, प्रवेश ठाकुर, प्रवेश दीक्षित, संजीव शर्मा, बबलू लोधी, नागेश पंडित, हरतेग आहूजा, ललित प्रजापति, श्याम जादौन, पवन माहौर, गौरव भार्गव, हिमांशु प्रजापति, मानसिंह धाकड़ आदि उपस्थित रहे।

# कुष्ठ आश्रम में सेवा कार्य कर समर्पण ने बांटी खुशियां

**आगरा (एनएनआई)।** भारत विकास परिषद समर्पण शाखा की ओर से ताजगंज स्थित कुष्ठ आश्रम में सेवा कार्य का आयोजन किया गया। अध्यक्ष नितिन गोयल ने बताया कि हमारा उद्देश्य केवल सेवा कार्य करना ही नहीं, बल्कि समाज के उपेक्षित एवं जरूरतमंद लोगों के जीवन में अपनत्व और सम्मान का भाव जगाना भी है। कुष्ठ रोगियों के प्रति समाज में सकारात्मक सोच विकसित करना समय की आवश्यकता है तथा ऐसे सेवा कार्य सामाजिक समरसता को मजबूत करते हैं। आश्रम में रह रहे 120 कुष्ठ रोगियों के साथ समय बिताकर उन्हें सम्मानपूर्वक भोजन कराया और आवश्यक सामग्री वितरित की गई। कार्यक्रम प्रभारी आशीष कंसल, विशाल मित्तल, रोहित बंसल, नविता मित्तल, श्वेता कंसल और अल्पिका बंसल ने कार्यक्रम की व्यवस्थाओं का संचालन किया। इस अवसर पर सचिव समीर जैन, कोषाध्यक्ष उमंग गोयल, संजीव दौनेरिया, अनिल कुमार



गुप्ता, निशी दौनेरिया, सचिन गोयल, अनित गोयल, अनुभव अग्रवाल, रिंकेश मित्तल आदि उपस्थित रहे।

# ताजगंज विद्युत मोक्षधाम का प्रतीक्षालय हुआ वातानुकूलित, लोगों को मिलेगी राहत

एनएनआई



**आगरा।** श्री क्षेत्र बजाजा कमेटी द्वारा संचालित ताजगंज विद्युत शवदाहगृह गृह पर अन्त्येष्टि में साथ आने वालों की सुविधा के लिए यहां का प्रतीक्षालय वातानुकूलित किया गया है। इसका रविवार को मुख्य अतिथि महापौर हेमलता दिवाकर ने फीता काटकर उद्घाटन किया। महापौर ने विद्युत शवदाहगृह की खराब पड़ी दो भट्टियों को नगर निगम की ओर से शीघ्र ठीक कराने का विश्वास दिलाया। विद्युत शवदाहगृह के प्रचार-प्रसार को गति प्रदान करने की बात कही।जिसमें अपनी ओर से हर सहयोग प्रदान करने की बात कही। प्रतीक्षालय को वातानुकूलित बनाने में समाजसेवी श्याम बाबू बंसल तथा डॉ. सुशील गुप्ता विभव व रामलीला कमेटी के नरेश जैन की सराहनीय भूमिका व सहयोग रहा। ताजगंज मोक्षधाम परिसर के सत्संग हॉल में आयोजित उद्घाटन समारोह ने सभी ने विद्युत शवदाहगृह के प्रचार-प्रसार बढाने व पर्यावरण हित में इसको अपनाने पर जोर दिया। मेयर ने सभी से वृक्षारोपण पर भी ध्यान केन्द्रित करने की बात कही। विधायक पुरूषोत्तम खण्डेलवाल जी ने धार्मिक कथाओं के दौरान व्यासपीठ से विद्युत शवदाहगृह का संदेश प्रसारित कराने का सुझाव दिया।सभी का मानना था कि यहां सुविधाऐं बढ़ाने से विद्युत शवदाहगृह की स्वीकार्यता में निश्चित रूप से इजाफा होने की सम्भावनायें बढ़ेगी। पूर्व अध्यक्ष सुनील विकल ने विद्युत शवदाहगृह की स्थापना व इसकी स्वीकार्यता के लिए कमेटी द्वारा किये गये प्रयासों व किये गये उल्लेखनीय आयोजनों पर विस्तार से बताया। आज आगरा को छोड़कर अन्य जिलों में बनाये गये विद्युत शवदाहगृह प्रायः बन्द जैसी स्थिति में है। वही आगरा का विद्युत शवदाहगृह सुचारूता के संचालित रहना, क्षेत्र बजाजा कमेटी की समाज में विश्वसनीयता की मिशाल है। मीडिया प्रभारी नंदकिशोर गोयल ने बताया कि आज 50% लोगों की अन्त्येष्टि विद्युत में हो रही है।

अध्यक्ष अनिल जिंदल ने सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। संचालन विद्युत शवदाहगृह प्रभारी संजीव गुप्ता ने किया। इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष डा.सुरेश गोयल, ओम टंडन, महासचिव राजीव अग्रवाल, समाजसेवी जगदीश बागला, आगरा व्यापार मंडल अध्यक्ष टी.एन.अग्रवाल तथा बजाजा कमेटी के पदाधिकारी , कार्यकारिणी के सदस्य मौजूद रहे।

## 'वृक्षारोपण महायज्ञ': आगरा में गूंजा 'एक पेड़ मां के नाम' का नारा

# रोपे गए 53 .94 लाख पौधे

एनएनआई



**आगरा।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार द्वारा पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए चलाए जा रहे 'वृक्षारोपण महायज्ञ-2026' के तहत वृहद स्तर पर पौधरोपण किया गया। शास्त्रीपुरम के डी ब्लॉक पार्क में आयोजित इस 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल, उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय, नोडल अधिकारी प्रमुख सचिव डॉ. हरिओम, जिलाधिकारी मनीष बंसल, वन संरक्षक अनिल कुमार पटेल व अन्य जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई।

केंद्रीय राज्य मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल ने कहा कि पौधरोपण केवल एक सरकारी अभियान नहीं है, बल्कि यह जनभागीदारी से जुड़ा एक महत्वपूर्ण सामाजिक आंदोलन है। उन्होंने आमजन से अपने जन्मदिन और विवाह वर्षगांठ जैसे विशेष अवसरों को पौधरोपण से जोड़ने का जोरदार आह्वान किया।

मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने कहा कि हमारे ऋषि-मुनियों ने औषधीय पौधों पर गहन शोध कार्य किए थे। उन्होंने वन विभाग से अपील की कि वे ऐसे औषधीय और छायादार वृक्षों को अधिक से अधिक लगाएं ताकि उन्हें अगली पीढ़ी तक पहुंचाया जा सके।

नोडल अधिकारी और प्रमुख सचिव व्यावसायिक शिक्षा डॉ. हरिओम ने बताया कि उ.प्र. सरकार द्वारा पूरे प्रदेश में 35 करोड़ पौधरोपण का वृहद लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण महायज्ञ केवल पौधे लगाने का कोई सामान्य अभियान नहीं है, बल्कि यह भावी पीढ़ियों के प्रति हमारी जिम्मेदारी और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता का एक बड़ा संकल्प है।

जिलाधिकारी मनीष बंसल ने बताया कि जनपद का वर्तमान हरित आवरण लगभग 6.85 प्रतिशत है, जिसे बढ़ाने के लिए आगरा में 53.94 लाख पौधों का रोपण किया जा रहा है। नोडल अधिकारी के निर्देशों का पालन करते हुए, पौधारोपण के बाद सिविल सोसायटी और आमजन की समितियां गठित कर उन्हें पौधों की देखरेख की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि जनपद में 01 माह बाद 'पोषण अभियान' और 'पोषण-डे' आयोजित किया जाएगा, जिससे रोपित पौधों की जीवितता को सुनिश्चित किया जा सके।

प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी राजेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद को आवंटित 53.94 लाख के लक्ष्य के सापेक्ष विभिन्न सरकारी विभागों ने बेहतरीन कार्य किया है।





विधायक डॉ.जी.एस. धर्मेश द्वारा शाहजहां गार्डन और विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल द्वारा पालीवाल पार्क में पौधरोपण किया गया।

# कृभको ने किसान सभा के साथ पौधरोपण किया

एनएनआई



**आगरा।** कृभको आगरा द्वारा गांव कुशालपुर में किसान सभा के साथ पौधरोपण किया गया। मुख्य अतिथि डॉ रामजी लाल यादव सेवानिवृत राज्य विपणन प्रबंधक नेशनल सीड कॉरपोरेशन, विशिष्ट अतिथि राजवीर सिंह सेवानिवृत्ति वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रबंधक नेशनल सीड् कॉरपोरेशन, राम नारायण गौतम सेवानिवृत्ति मंडल प्रबंधक परिवहन निगम राजस्थान , देवेंद्र कुमार अभियंता टाटा कंसलटेंसी सर्विस नोएडा रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ किया तदोपरांत प्रवेश कुमार सिंह क्षेत्र प्रतिनिधि कृभको आगरा द्वारा सभी अतिथियों का बुके देकर सम्मान किया गया। प्रवेश कुमार सिंह द्वारा सभी को कृभको के उत्पादों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इनके प्रयोग से सभी फसलों में बहुत लाभ हो रहा है जिससे किसानों की आय दुगनी आसानी से हो रही है। मुख्य अतिथि डॉक्टर रामजीलाल यादव के द्वारा सभी सहभागियों से आवाहन किया गया कि वृक्षारोपण में आप सभी अपना योगदान बढ़ चढ़कर प्रस्तुत करें। जिससे हमारे क्षेत्र में अधिक बारिश भी होगी ऑक्सीजन में बढ़ोतरी होगी। तापमान में कमी आएगी जिससे बिजली की निर्भरता भी कम होगी।

कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों के द्वारा प्रांगण में वृक्षारोपण भी किया गया तथा सभी प्रतिभागियों को निशुल्क फलदार व छायादार पौधे भी बांटे गए। कार्यक्रम में 55 सहभागियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम के अंत में प्रवेश कुमार सिंह क्षेत्र प्रतिनिधि कृभको आगरा द्वारा सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## सुंदरानी चैरिटेबल आई हॉस्पिटल समिति ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**आगरा एनएनआई।** सुंदरानी चैरिटेबल आई हॉस्पिटल समिति द्वारा बालूगंज स्थित अस्पताल परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शुभारंभ उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय एवं फुटवेयर एवं चमड़ा उद्योग विकास परिषद के चेयरमैन पूरन डाबर ने पौधारोपण कर किया। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि सुंदरानी चैरिटेबल आई हॉस्पिटल समिति स्वास्थ्य सेवाओं के साथ-साथ सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यों में भी सक्रिय रूप से भागीदारी निभा रही है। समिति के अध्यक्ष विजय खंडेलवाल ने उच्चशिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय व उपाध्यक्ष गिरधारी लाल भगत्यानी ने संरक्षक पूरन डाबर का पटका पहनाकर स्वागत किया।



समिति के सचिव सी.के. रस्तोगी, सह सचिव रवि दुबे सहित शारिक इकबाल, मनीष हरजानी, जगदीश मीरचंदानी, सूर्यप्रकाश मदनानी, कपिल पंजवानी, तरुण हरजानी, संक्रेश शर्मा, जितेंद्र तुलसानी, आशु मूलचंदानी, नितिन राजवानी एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# मनु की बरामदगी को दो दिन का अल्टीमेटम

एनएनआई

**फतेहपुर सीकरी।** ग्राम कराही से बृहस्पतिवार से लापता 12 वर्षीय मनु राजपूत की अब तक बरामदगी नहीं होने पर ग्रामीणों और परिजनों की चिंता बढ़ती जा रही है। बच्ची की सकुशल वापसी को लेकर गांव में नाराजगी भी देखने को मिल रही है। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि शिशु प्रधान ने प्रशासन से दो दिन के भीतर प्रभावी कार्रवाई कर बच्ची की बरामदगी सुनिश्चित करने की मांग की है।

शिशु प्रधान ने कहा कि पुलिस को इस मामले में विशेष अभियान चलाना चाहिए। उनका कहना है कि यदि दो दिन के भीतर मनु की सकुशल बरामदगी नहीं होती है तो ग्रामीणों और पीड़ित परिवार के साथ पुलिस आयुक्त कार्यालय, आगरा पहुंचकर ज्ञापन सौंपा जाएगा। इसके बाद भी कार्रवाई संतोषजनक नहीं रही तो शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन और अनशन किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि यह केवल एक परिवार का नहीं, बल्कि पूरे समाज की जिम्मेदारी का विषय है। बच्ची की तलाश में सामाजिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों से भी सहयोग की अपील की गई है। उन्होंने लोगों से अनुरोध किया कि यदि मनु राजपूत के संबंध में किसी को कोई जानकारी मिले तो तत्काल पुलिस अथवा परिजनों को सूचित करें, ताकि बच्ची की जल्द सकुशल बरामदगी हो सके।

वहीं, प्रभारी निरीक्षक आनंदवीर सिंह ने बताया कि पुलिस टीम लगातार मामले की जांच में जुटी हुई है। संभावित स्थानों पर तलाश की जा रही है तथा उपलब्ध सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं। इसके अलावा अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी जांच जारी है।

# एक्सप्रेसवे पर कार डिवाइडर से टकराकर पलटी, दंपती घायल

एनएनआई



**फतेहाबाद।** आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर रविवार शाम चालक को नींद की झपकी आने से एक कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराने के बाद पलट गई। हादसे में कार सवार दंपती घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया।

जानकारी के अनुसार, हादसा एक्सप्रेसवे के किलोमीटर 36+650 पर शाम करीब 4:45 बजे हुआ। यूपी-32 एचएम-2412 नंबर की कार चला रहे स्वतक श्रीवास्तव, पुत्र प्रेम कुमार, निवासी गोमती नगर, लखनऊ अपनी पत्नी के साथ लखनऊ से नोएडा जा रहे थे। इसी दौरान चालक को नींद की झपकी आ गई, जिससे कार अनियंत्रित होकर मध्य डिवाइडर से टकराई और पलट गई। घटना की सूचना मिलते ही यूपीडा के सुरक्षा अधिकारी सुधीश कुमार शुक्ला तथा लुहारी चौकी प्रभारी देवेंद्र कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। दोनों घायलों को तत्काल अस्पताल भिजवाया गया, जहां उनका उपचार कराया जा रहा है। हादसे में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

## महिला से अश्लील हरकत करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**बाह एनएनआई।** बटेश्वर महिला से अश्लील हरकत करने में आरोपित को बाह पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया आरोपी घटना के बाद से फरार चल रहा था पुलिस के अनुसार क्षेत्र की एक महिला पायल ठीक कराने के सर्राफ संजीव वर्मा की दुकान पर गयी थी आरोप है। दुकानदार संजीव वर्मा ने उसके साथ अश्लील हरकते की थी इसके बाद महिला दुकान से अपने घर चली गयी थी उसके बाद आरोपी भी उसके घर पहुँच गया था वहाँ भी अभद्रता करने लगा महिला द्वारा शोर मचाने पर आरोपित मौके से फरार हो गया महिला की तहरीर पर बाह थाने में आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था रविवार को वांछित चल रहे संजीव वर्मा को बटेश्वर चौराहे से गिरफ्तार किया गया थाना प्रभारी देवी प्रसाद तिवारी ने बताया कि अरोपी को पकड़ कर न्यायालय में पेश किया गया है।

## छिनैती का आरोपी पकड़ा

**फतेहाबाद एनएनआई।** थाना फतेहाबाद पुलिस ने महिला से पर्स छीनने और पीछा करने पर फायरिंग करने की घटना का 24 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से वारदात में प्रयुक्त बाइक बरामद की गई है, जबकि दो अन्य आरोपित अभी फरार हैं। पुलिस के अनुसार, 8 जुलाई की रात भलोखरा मार्ग पर बाइक सवार दंपती से तीन बदमाशों ने पर्स झपट लिया था। पीछा करने पर आरोपितों ने तमंचे से फायरिंग कर फरार हो गए।

## तकनीकी दिक्कत से गोल्फ कार्ट सेवा प्रभावित, पर्यटकों से लिया गया नकद शुल्क

**फतेहपुर सीकरी एनएनआई।** आगरा विकास प्राधिकरण द्वारा विश्व धरोहर फतेहपुर सीकरी में पर्यटकों के लिए संचालित गोल्फ कार्ट सेवा रविवार को ऑनलाइन भुगतान में तकनीकी दिक्कत के कारण कुछ समय के लिए प्रभावित रही। गुलिस्तां पार्किंग से जोधाबाई महल, दीवान-ए-आम व अन्य स्मारकों तक चलने वाली इस सेवा में ऑनलाइन पेमेंट न होने से दिल्ली निवासी महिला पर्यटक डॉ. अग्निहोत्री सहित कई पर्यटकों को असुविधा हुई। गोल्फ कार्ट सेवा के मैनेजर रोहित शर्मा ने बताया कि तकनीकी कारण से ऑनलाइन भुगतान नहीं हो पा रहा था, इसलिए पर्यटकों से निर्धारित शुल्क नकद लिया गया ताकि उनकी यात्रा बाधित न हो। उन्होंने कहा कि कुछ अराजक तत्व इस मामले को लेकर भ्रामक प्रचार कर रहे हैं। भविष्य में गलत जानकारी फैलाने वालों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



# एनसीसी कैडिटों ने सीखी इंसास राइफल की हैंडलिंग और ड्रिल की बारीकियां

एनएनआई



**आगरा।** वन यूपी बटालियन, एनसीसी, द्वारा संचालित सीएटीसी-6 कैंप जो श्री राम आदर्श महाविद्यालय पनवारी आगरा में संचालित है

इसमें कैडिटों की राइफल ट्रेनिंग प्रारंभ हुई है। कैंप कमांडेंट कर्नल दीपक जुयाल ने बताया कि सभी एनसीसी कैडेटो को अल्फा, ब्रावो, चार्ली और डेल्टा कंपनी में बांटा गया है। इंटर कंपनी कंपटीशन हो सके। ट्रेनिंग के दौरान हवलदार हुकुम सिंह ने एनसीसी के कैडेट को इंसास राइफल व पॉइंट 22 राइफल का टेक्निकल डाटा, खोलना जोड़ना और फायर के दौरान आने वाली रुकावट को दूर करने तथा फायर करने का तरीका सिखाया था। इसके अलावा ड्रिल का भी अभ्यास किया गया। कैंप में सूबेदार मेजर निर्मल सिंह व ट्रेनिंग जेसीओ एच आर यादव ने बताया की शाम को वॉलीबॉल, टग ऑफ वार प्रतियोगिताएं हुई इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। मेजर शंभूजी पांडे, कप्तान मनीष , लेफ्टिनेंट वरुण कुमार, फर्स्ट अफसर विकास मिश्रा,फर्स्ट अफसर ज्ञानेंद्र तिवारी, सेकंड अफसर रजनी, सूबेदार बृजपाल सिंह, जीसीआई संजना, जे क्यू एम श्याम बुद्धाथोकि, नायब सूबेदार छब्बी लाल राना, हवलदार भास्कर सिंह, शिलास पुलामी, हवलदार रूपेश कुमार, हवलदार बेगम थापा, हवलदार पवन रेगमी, हवलदार मोहिंदर सिंह, हवलदार हुकुम सिंह, मानवेंद्र सिंह, हवलदार महेंद्र कुमार आदि ने ट्रेनिंग कराई। लेखा कार्य का संपादन वरिष्ठ सहायक राजेश कुमार, वरिष्ठ सहायक नरेश कुमार,वरिष्ठ सहायक हरेंद्र कुमार ,कनिष्ठ सहायक बलराम यादव, द्वारा किया गया।

# फतेहपुर सीकरी क्षेत्र के जैंगारा में 58 लाख से बनेगा 'उत्सव भवन'

एनएनआई

**आगरा।** ताजनगरी के चाहरवाटी क्षेत्र स्थित प्रमुख पवित्र स्थल कदमखंडी, जैंगारा के निवासियों को योगी सरकार ने विकास की एक बड़ी सौगात दी है। मुख्यमंत्री त्वरित विकास योजना के अंतर्गत क्षेत्र में लगभग 58 लाख रुपये की लागत से एक भव्य 'उत्सव भवन' का निर्माण होने जा रहा है। रविवार को फतेहपुर सीकरी के लोकसभा सांसद राजकुमार चाहर ने क्षेत्र के वरिष्ठजनों और बुजुर्गों के करकमलों द्वारा हवन- पूजन एवं वैदिक मंत्रोच्चार के बीच इस नव-निर्मित होने वाले भवन का विधि-विधान से शिलान्यास संपन्न कराया।




योगी सरकार प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार और विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए कदमखंडी में इस उत्सव भवन का खाका तैयार किया गया है। इस भवन में ग्रामीणों की सुविधा के लिए दो कमरे, एक विशाल हॉल, स्नानघर, आधुनिक शौचालय और मीठे पेयजल की समुचित व्यवस्था की जाएगी। इस उत्सव भवन के बन जाने से जैंगारा सहित आसपास के कई गांवों के लोगों को सीधा लाभ मिलेगा और उन्हें अपने पारिवारिक व सामाजिक कार्यक्रमों के लिए दर- दर नहीं भटकना पड़ेगा।

फतेहपुर सीकरी के सांसद राजकुमार चाहर ने कहा कि यह उत्सव भवन क्षेत्र के सामाजिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक आयोजनों को एक नई दिशा प्रदान करेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ग्रामीण अंचलों में सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इस भवन के बनने से स्थानीय लोगों को विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन के लिए अपने ही क्षेत्र में बेहतर और सुलभ सुविधाएं उपलब्ध होंगी, जिससे ग्रामीण विकास को भी एक नई गति मिलेगी। हमारी सरकार जनभावनाओं के अनुरूप विकास कार्यों को प्राथमिकता दे रही है और क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए हम हर संभव प्रयास कर रहे हैं। इस अवसर पर अशोक लवानिया, महावीर सिंह, पार्टी पदाधिकारी, विभिन्न विभागों के अधिकारीगण, जिला पंचायत सदस्य, ब्लॉक प्रमुख, ग्राम प्रधान, बीडीसी सदस्य सहित भारी संख्या में क्षेत्रीय महिलाएं व पुरुष उपस्थित रहे।

## संपादकीय

# राहुल गांधी ने फिर ठंडे बस्ते में डाले गर्म मुद्दे!

नीट यूजी के पेपर लीक और परीक्षा रद्द होने और सीबीएसई की 12वीं की बोर्ड परीक्षा में ऑनस्क्रीन मार्किंग के कारण जो लाखों छात्र और परिवार परेशान हुए थे उसके बाद राहुल गांधी की चार राज्यों में यात्रा का कार्यक्रम बना था। वे 17 जून को राजस्थान के कोटा गए। उसके बाद उनको 10 जुलाई को प्रयागराज और 11 जुलाई को पटना जाना था। उसके बाद दिल्ली में उनका छात्रों से संवाद का कार्यक्रम था। कांग्रेस ने इसे छात्रों की गूंज नाम दिया। लेकिन राहुल न प्रयागराज गए और न बिहार गए हैं। प्रयागराज का तो नहीं कहा जा सकता है लेकिन ऐसा बताया जा रहा है कि बिहार जाने को लेकर न राहुल गांधी बहुत उत्साह में थे और न बिहार की प्रदेश कांग्रेस ईकाई में कोई उत्साह था। सो नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की बिहार यात्रा स्थगित हो गई है। पार्टी के नेताओं का कहना है कि आगे किसी समय राहुल गांधी बिहार आएंगे। राहुल गांधी का कार्यक्रम जून के दूसरे हफ्ते में बन गया था और 17 जून को कोटा गए भी। इतना पहले कार्यक्रम तय होने के बावजूद प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने राहुल गांधी के कार्यक्रम की परमिशन नहीं ली थी। कांग्रेस ने यह भी तय नहीं किया था कि पटना में राहुल गांधी का कार्यक्रम कहां होगा। पहले राहुल गांधी का कार्यक्रम 11 जुलाई को पटना पहुंचने का था, जिसे बाद में बढ़ा कर 15 जुलाई कर दिया गया। फिर भी प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने कार्यक्रम की जगह तय नहीं की और न जिला प्रशासन व पुलिस से इसकी परमिशन के लिए आवेदन किया। इस बीच दो जुलाई को पटना की बांकीपुर विधानसभा सीट पर उपचुनाव की घोषणा हो गई। उसके बाद प्रदेश कमेटी ने राहत की सांस ली। तत्काल राहुल गांधी का कार्यक्रम रद्द कराया गया। शायद दिल्ली में भी राहुल की टीम इस इंतजार में बैठी थी कि कुछ हो तो यात्रा रद्द करें। सो, दोनों की मन की मुराद पूरी हो गई। बांकीपुर विधानसभा सीट के उपचुनाव के बहाने राहुल गांधी की पटना यात्रा रद्द कर दी दी गई। बांकीपुर का उपचुनाव 30 जुलाई को होना है। पुराने कांग्रेसी व राजनीति के जानकारों का मानना है कि राहुल गांधी अगर इस समय पटना आते तो उसका ज्यादा असर होता। उपचुनाव सिर्फ एक विधानसभा सीट पर हो रहा है इसलिए पूरे प्रदेश में आचार संहिता नहीं लगी है। पटना से बाहर या आसपास कहीं भी कार्यक्रम हो सकता था। पिछले साल राहुल गांधी दरभंगा के अंबेडकर छात्रावास गए थे। सो, उपचुनाव यात्रा रद्द करने का मूल कारण नहीं हो सकता है। सूत्रों का कहना है कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी अभी कोई भी कार्यक्रम कराने की स्थिति में नहीं है। प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम की कमान में कांग्रेस प्रदेश में बुरी तरह हारी और वे खुद भी अपनी सीट से हार गए। पार्टी के अंदर घमासान छिड़ा है। राज्यसभा सांसद और पूर्व अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह खुल कर राजेश राम और प्रभारी कृष्णा अल्लावरू का विरोध कर रहे हैं। अभी कोई चुनाव भी नहीं है। इसलिए प्रदेश कमेटी अभी कोई कार्यक्रम नहीं करना चाहती है। दूसरा कारण यह है कि राजद व दूसरी सहयोगी पार्टियों के साथ कांग्रेस के संबंध बहुत अच्छे नहीं हैं। इसलिए पटना में अकेले कार्यक्रम का निगेटिव प्रचार होने का खतरा था। एक कारण यह भी बताया जा रहा है कि नीट यूजी की रद्द हुई परीक्षा 21 जून को दोबारा हो गई। उसमें कोई गड़बड़ी नहीं हुई, जिसके बाद इसका मामला ठंडा पड़ गया। इसलिए भी कांग्रेस की ओर से छात्रों के साथ संवाद वाले कार्यक्रम को स्थगित कर दिया गया। वहीं कांग्रेस के उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष अजय राय ने अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में चढ़ावा चोरी पर खूब राजनीति की। वे अपनी पार्टी के सांसदों और अन्य नेताओं के साथ अयोध्या पहुंचे। वहां उनको हाउस अरेस्ट किया गया। पार्टी के दूसरे नेताओं ने प्रदर्शन किया और पूरे मामले की जांच हाई कोर्ट के सिटिंग जज से कराने की मांग की। दूसरी विपक्षी पार्टियों खास कर उत्तर प्रदेश की मुख्य विपक्षी पार्टी और कांग्रेस की सहयोगी समाजवादी पार्टी ने भी इसे मुद्दा बनाया है, बल्कि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को इस मामले का खुलासा करने वाले नेता हैं। इसके लिए वे भाजपा नेताओं के निशाने पर भी हैं। बहरहाल, यूपी कांग्रेस के अध्यक्ष बोल रहे हैं। सपा अध्यक्ष बोल रहे हैं लेकिन राहुल गांधी इस पर कुछ नहीं बोल रहे हैं। उन्होंने पूरी तरह से चुप्पी साध रखी है। प्रियंका गांधी वाड्रा भी नहीं बोल रही हैं। सोनिया गांधी तो खैर इन दिनों काफी कम बयान देती हैं और उनको बड़े मामलों में कुछ कहना होता है तो वे लेख लिखती हैं। राहुल का इस पर बयान नहीं देना रणनीतिक दिखाई दे रहा है। वे हर मामले पर बोलते हैं लेकिन इस मामले में चुप हैं।कांग्रेस नेताओं का कहना है कि भाजपा के नेता इंतजार कर रहे हैं कि कब राहुल गांधी इस पर बोलें तो याद दिलाया जाए कि अभी तक वे राममंदिर में दर्शन करने नहीं गए हैं। यह भी तो अभी से कहा जा रहा है कि वे लोग कैसे राम की आस्था का मुद्दा उठा रहे हैं, जिन्होंने कभी राम के अस्तित्व पर सवाल उठाए थे। कांग्रेस को लग रहा है कि जब तक हिंदू समाज के लोग और राइटविंग के लोग खुद ही चढ़ावा चोरी का मामला उठा रहे हैं और पूरी व्यवस्था को कठघरे में खड़ा कर रहे हैं तो विपक्ष को और खास कर राहुल गांधी को इससे दूर रहना चाहिए। यह भी कहा जा रहा है कि संघ मुख्यालय नागपुर से लेकर दिल्ली, लखनऊ और अयोध्या तक के सत्ता केंद्र आपस में ही लड़ रहे हैं। संघ और विहिप के बीच भी तनातनी है। ऐसे में अगर राहुल गांधी बयान देते हैं तो सब एक होकर उनको निशाना बनाने लगेंगे। इसलिए राहुल ने चुप्पी साध रखी है। वे बोलेंगे लेकिन अभी नहीं। हो सकता है कि चुनाव के समय बोलें या उनका बयान तब आए, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस मामले में कुछ बोलें। वे भी अभी तक चुप हैं।



# श्री जगन्नाथ रथयात्रा

## श्री जगन्नाथ मंदिर एवं मूर्ति स्थापना और रथयात्रा का पौराणिक इतिहास

प्रतिवर्ष ओडिशा के पूर्वी तट पर स्थित नगरी जगन्नाथपुरी में भगवान जगन्नाथदेवजी की रथयात्रा का उत्सव पारंपरिक रीति के अनुसार आयोजित किया जाता है। इस अवसर पर मंदिर के सेवक श्री जगन्नाथ, श्री बलदेव और उनकी बहन श्री सुभद्राजी को मंदिर से बाहर लाकर उन्हें एक–एक विशाल रथ पर बिठाते हैं। भक्त लोग इन रथों को खींचकर गुण्डिचा मंदिर तक ले जाते हैं, जहां श्री जगन्नाथ, श्री बलदेव और श्री सुभद्राजी 1 सप्ताह तक विश्राम कर पुनः श्री जगन्नाथ मंदिर लौट आते हैं। इस रथयात्रा का उद्?देश्य यह है कि वे लोग, जो समूचे वर्षभर मंदिर में प्रवेश नहीं पा सकते हैं, उन्हें भगवान के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हो। यह तो हुआ बाह्य कारण। इसके गूढ़ रहस्य को श्री चैतन्य महाप्रभु ने प्रकट किया है। श्री जगन्नाथ मंदिर द्वारका अथवा कुरुक्षेत्र सदृश है और गुण्डिचा मंदिर वृंदावन का प्रतीक है।

रथयात्रा में बलदेव प्रभु का रथ सबसे आगे, उनके पीछे श्री सुभद्राजी का रथ और सबसे पीछे श्री जगन्नाथदेव का रथ होता है। प्रतिवर्ष रथयात्रा प्रारंभ होने से पूर्व ओडिशा के राजा रथ चलने वाले मार्ग पर झाड़ू लगाकर उसे साफ करते हैं। यह प्रथा प्राचीनकाल से ही है। राजा अपनी राज पोशाक त्यागकर साधारण व्यक्ति जैसे वस्त्र धारण करते हैं और अपने हाथों से मार्ग में चंदन जल छिड़ककर स्वर्ण के हत्थेवाले झाड़ू से मार्ग की सफाई करते हैं। पूर्व में लोगों में भगवान श्री जगन्नाथ के प्रति कोई विशेष भाव रथयात्रा में कीर्तन और नृत्य न होने से विशेष भाव उदित नहीं होते थे, किंतु बाद में कीर्तन-नृत्य के द्वारा अपने आंतरिक भावों को प्रकट कर रथयात्रा को भक्ति रसमय बना दिया गया और इस रस के आस्वादन हेतु बंगाल, ओडिशा बिहार और



भारतवर्ष के अन्य स्थानों से लाखों की संख्या में भक्त लोग प्रतिवर्ष रथयात्रा में आने लगे। लगभग 50-60 लाख लोग प्रतिवर्ष।

प्रभु जनन्नाथ स्वामी की रथ यात्रा कब से और किस कारण से प्रारंभ हुई इस संबंध में हमें कई तरह की कथाएं मिलती है। उन्हीं कथाओं में से चार कथा आप यहां संक्षिप्त में पढ़ें। इसके अलावा नीचे दी गई लिंक पर क्लि करके मूर्ति स्थापना और मंदिर संबंधि अन्य कथाएं भी पढ़ें। आओ जानते हैं कि जगन्नाथ रथ यात्रा की प्रामाणिक कथा।

**1.पहली कथा :** जब राजा इंद्रद्युम ने जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा की मूर्तियां बनवाई तो रानी गुंडिचा ने मूर्तियां बनाते हुए मूर्तिकार विश्वकर्मा और मूर्तियों को देख लिया जिसके चलते मूर्तियां अधूरी ही रह गई तब आकाशवाणी हुई कि भगवान इसी रूप में स्थापित होना चाहते हैं। इसके बाद राजा ने इन्हीं अधूरी मूर्तियों को मंदिर में स्थापित कर दिया। उस वक्त भी आकाशवाणी हुई कि भगवान जगन्नाथ साल में एक बार अपनी जन्मभूमि मथुरा जरूर आएंगे। स्कंदपुराण के उत्कल खंड के अनुसार राजा इंद्रद्युम ने आषाढ़ शुक्ल द्वितीया के दिन प्रभु के उनकी जन्मभूमि जाने की व्यवस्था की। तभी से यह परंपरा रथयात्रा के रूप में चली आ रही है।

**2.दूसरी कथा :** एक दूसरी कथा भी जिसके अनुसार सुभद्रा के द्वारिका दर्शन की इच्छा पूरी करने के लिए श्रीकृष्ण और बलराम ने अलग-अलग रथों में बैठकर यात्रा की थी। सुभद्रा की नगर यात्रा की स्मृति में ही यह रथयात्रा पुरी में हर साल होती है। इस रथयात्रा के बारे में स?कंद पुराण, नारद पुराण, पद्म पुराण और ब्रह्म पुराण में भी बताया गया है।

**3.तीसरी कथा :** एक बार राधा रानी कुरुक्षेत्र में श्रीकृष्ण से मिलने पहुंची और वहां उन्होंने श्रीकृष्ण से वृंदावन आने का निवेदन किया। राधारानी के निवेदन को स्वीकार करके एक दिन श्रीकृष्ण अपने भाई बलराम और बहन सुभद्रा के साथ वृंदावन के द्वार पहुंचे तो राधारानी, गोपियों और वृंदावनवासियों को इतनी खुशी हुई कि उन्होंने तीनों को रथ पर विराजमान करके उसके घोड़ों को हटाकर उस रथ को खुद की अपने हाथों से खींचकर नगर का भ्रमण कराया। इसके अलावा वृंदावनवासियों ने जग के नाथ अर्थात उन्हें जगन्नाथ कहकर उनकी जय-जयकार की। तभी यह यह परंपरा वृंदावन के अलावा जगन्नाथ में भी प्रारंभ हो गई।

**4.चौथी कथा :** चारण परम्परा के अनुसार भगवान द्वारिकाधीशजी के साथ, बलराम और सुभद्राजी का समुद्र के किनारे अग्निदाह किया गया था। कहते हैं कि उस वक्त समुद्र के किनारे तूफान आ गया और द्वारिकाधीशजी के अधजले शव पुरी के समुद्र के तट पर बहते हुए पहुंच गए। पुरी के राजा ने तीनों शवों को अलग-अलग रथ में विराजित करवाया और पुरे नगर में लोगों ने खुद रथों को खींचकर घुमाया और अंत में जो दारु का लकड़ी शवों के साथ तैर कर आई थी उसीसे पेटी बनवा कर उन शवों को उनमें रखकर उसे भूमि में समर्पित कर दिया। इस घटना की स्मृति में ही आज भी इस परंपरा को निभाया जाता है। चारणों की पुस्तकों में इसका उल्लेख मिलता।

## पहले सप्ताहांत में 'धमाल 4' की दमदार शुरूआत, तीन दिन में 65 करोड़ रुपये का कारोबार

अजय देवगन, रितेश देशमुख, अरशद वारसी, जावेद जाफरी, अंजलि आनंद और संजीदा शेख अभिनीत हास्य फिल्म धमाल 4 ने पहले सप्ताहांत में बॉक्स कार्यालय पर मजबूत प्रदर्शन दर्ज किया है। तीन दिनों में फिल्म ने देशभर में 65 करोड़ रुपये का शुद्ध कारोबार कर निर्माताओं को राहत दी है। शुक्रवार को प्रदर्शित हुई फिल्म ने पहले दिन 14 करोड़ रुपये की कमाई के साथ शुरूआत की थी। इसके बाद शनिवार को दर्शकों की संख्या में बढ़ोतरी देखने को मिली और फिल्म का कारोबार 22.50 करोड़ रुपये तक पहुंच गया। रविवार




को भी रफ्तार बनी रही और फिल्म ने 28.50 करोड़ रुपये का कारोबार किया। इस तरह पहले तीन दिनों में कुल शुद्ध कमाई 65 करोड़ रुपये दर्ज की गई। देश में फिल्म का सकल कारोबार 78 करोड़ रुपये के आसपास बताया जा रहा है। वहीं विदेशी बाजारों में भी फिल्म को अच्छा प्रतिसाद मिला है। शुरूआती आंकड़ों के अनुसार, विदेशों में फिल्म ने लगभग 14 करोड़ रुपये का कारोबार किया है। इसके साथ ही विश्वभर में फिल्म की कुल कमाई 90 करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर चुकी है। बताया जा रहा है कि फिल्म का निर्माण लगभग 200 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है। ऐसे में आने वाले दिनों का प्रदर्शन फिल्म के लिए बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। कारोबार विशेषज्ञों की नजर अब सोमवार और सप्ताह के अन्य कार्यदिवसों के आंकड़ों पर रहेगी, जो फिल्म की लंबी दौड़ का संकेत देंगे। हालांकि समीक्षकों की राय फिल्म को लेकर मिश्रित रही है। कुछ समीक्षकों ने फिल्म के हल्के-फुल्के मनोरंजन और कलाकारों के अभिनय की सराहना की है, जबकि कुछ का मानना है कि श्रृंखला की पहचान रही जोरदार हास्य प्रस्तुति इस बार अपेक्षाओं पर पूरी तरह खरी नहीं उतर पाई है। इसके बावजूद पारिवारिक दर्शकों और धमाल श्रृंखला के प्रशंसकों के बीच फिल्म को अच्छा प्रतिसाद मिलता दिखाई दे रहा है। पहले सप्ताहांत के आंकड़ों ने यह संकेत जरूर दिया है कि फिल्म दर्शकों को सिनेमाघरों तक खींचने में सफल रही है।



सामंथा की 'मां इंति बंगाराम' ने रचा इतिहास

## विश्वभर में 100 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार करने का दावा




अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु की फिल्म मां इंति बंगाराम ने तेलुगु सिनेमा में नया कीर्तिमान स्थापित करने का दावा किया है। फिल्म के निर्माताओं के अनुसार यह विश्वभर में 100 करोड़ रुपये का कारोबार करने वाली पहली महिला प्रधान तेलुगु फिल्म बन गई है। सामंथा के निर्माण संस्थान ने सामाजिक माध्यमों पर एक संदेश जारी कर फिल्म की सफलता की जानकारी साझा की। संस्थान का कहना है कि मां इंति बंगाराम ने वैश्विक स्तर पर 100 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर इतिहास रच दिया है। फिल्म 19 जून को प्रदर्शित हुई थी और तब से दर्शकों के बीच लगातार चर्चा में बनी हुई है। नंदिनी रेड्डी के निर्देशन में बनी यह पारिवारिक, हास्य और एक्शन प्रधान फिल्म एक ऐसी महिला की कहानी प्रस्तुत करती है, जो अपनी कमजोरियों और साहस दोनों से शक्ति प्राप्त करती है। फिल्म में सामंथा मुख्य भूमिका में हैं, जबकि दिगंत, गुलशन देवैया, गौतमी, आनंद, लक्ष्मी, श्रीनिवास गविरेड्डी और मंजुषा ने भी महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाई हैं। फिल्म की प्रदर्शनी से पहले सामंथा ने इसके एक्शन दृश्यों को लेकर कई दिलचस्प बातें साझा की थीं। उन्होंने बताया था कि फिल्म के अधिकांश एक्शन दृश्य बेहद वास्तविक ढंग से फिल्माए गए हैं और उन्होंने स्वयं सभी जोखिमपूर्ण दृश्य किए हैं। इस दौरान उन्हें कई बार चोटें भी आईं और कुछ दृश्यों में उनके शरीर से खून तक निकल आया था। सामंथा ने पहले कहा था कि यह फिल्म उनके लिए विशेष महत्व रखती है, क्योंकि इसमें उन्होंने न केवल मुख्य भूमिका निभाई बल्कि निर्माता के रूप में भी जिम्मेदारी संभाली।

'रामायण' छोड़ने की चर्चाओं ने फिर पकड़ा जोर

## आलिया भट्ट को लेकर सोशल मीडिया पर छिड़ी बहस

अभिनेत्री आलिया भट्ट की हालिया प्रदर्शित फिल्म अल्फा के प्रदर्शन को लेकर चर्चा के बीच एक पुरानी खबर फिर सुर्खियों में आ गई है। सामाजिक माध्यमों पर यह दावा किया जा रहा है कि आलिया भट्ट ने निर्देशक नितेश तिवारी की बहुचर्चित फिल्म रामायण से दूरी बना ली थी, क्योंकि उनकी तिथियां दूसरी फिल्म के साथ टकरा रही थीं। पुरानी रिपोर्टों के अनुसार, रामायण में भगवान राम की भूमिका के लिए रणबीर कपूर और सीता की भूमिका के लिए आलिया भट्ट के नाम पर विचार किया गया था। हालांकि बाद में आलिया इस परियोजना का हिस्सा नहीं बनीं। उस समय यह कहा गया था कि व्यस्त कार्यक्रम और अन्य पेशेवर प्रतिबद्धताओं के कारण वह इस बड़े प्रकल्प को पर्याप्त समय नहीं दे पा रही थीं। अब अल्फा के अपेक्षित प्रदर्शन न कर पाने की चर्चाओं के बीच सामाजिक माध्यमों पर कई उपयोगकर्ता यह सवाल उठा रहे हैं कि क्या आलिया ने सीता जैसी महत्वपूर्ण भूमिका किसी दूसरी फिल्म के लिए छोड़ी थी। हालांकि इस संबंध में न तो आलिया भट्ट और न ही रामायण के निर्माताओं की ओर से कभी कोई आधिकारिक पुष्टि की गई है। बाद में फिल्म में सीता की भूमिका के लिए अभिनेत्री साई पल्लवी को चुना गया, जबकि रणबीर कपूर भगवान राम की भूमिका से जुड़े रहे। इसी वजह से पुरानी चर्चाएं एक बार फिर सामने आ गई हैं और दोनों फिल्मों की तुलना की जा रही है। उधर, अल्फा के कारोबार को लेकर भी चर्चा बनी हुई है। फिल्म ने पहले सप्ताह में अपेक्षित रफ्तार हासिल नहीं की है, जिससे इसके प्रदर्शन पर उद्योग जगत की नजर बनी हुई है। हालांकि फिल्म का प्रदर्शन अभी जारी है और अंतिम परिणाम आने में समय है। फिलहाल रामायण को लेकर आलिया भट्ट के नाम की चर्चा केवल अटकलों और पुरानी रिपोर्टों के आधार पर हो रही है। आधिकारिक रूप से यह स्पष्ट नहीं है कि उन्होंने फिल्म से किन कारणों से दूरी बनाई थी।



## आकांक्षा रंजन की शादी में जान्हवी कपूर का शाही अंदाज, काले लहंगे में बटोरी सुर्खियां

अभिनेत्री जान्हवी कपूर ने एक बार फिर अपने आकर्षक परिधान से सभी का ध्यान खींच लिया। आकांक्षा रंजन के विवाह समारोह में पहुंचीं जान्हवी कपूर का शाही अंदाज चर्चा का विषय बन गया। पारंपरिक और आधुनिक शैली के खूबसूरत मेल ने उनके रूप को और भी खास बना दिया। समारोह में जान्हवी कपूर काले रंग के आकर्षक लहंगे में नजर आईं। उनके परिधान पर की गई बारीक कढ़ाई और कलात्मक डिजाइन ने लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचा। बहुरंगी कढ़ाई वाली चोली और काले लहंगे का संयोजन उनके व्यक्तित्व को निखारता दिखाई दिया। उनके दुपट्टे पर फूलों और पक्षियों की कलात्मक आकृतियां उकेरी गई थीं, जिनमें पारंपरिक भारतीय शिल्पकला की झलक दिखाई दी। पूरे परिधान में शाही भव्यता और सांस्कृतिक सौंदर्य का संतुलित समावेश देखने को मिला। आभूषणों की बात करें तो जान्हवी ने बड़े झुमके, हाथफूल और चूड़ियों का चयन किया, जिन्होंने उनके पारंपरिक रूप को और प्रभावशाली बना दिया। हल्के श्रृंगार, गुलाबी आभा वाले होंठ और लहराते बालों ने उनके व्यक्तित्व में चार चांद लगा दिए। विवाह समारोह में मौजूद लोगों और प्रशंसकों ने उनके इस रूप की खूब सराहना की। सामाजिक माध्यमों पर भी उनकी तस्वीरें तेजी से साझा की जा रही हैं और प्रशंसक उनके पहनावे की तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। फैशन विशेषज्ञों का मानना है कि जान्हवी कपूर का यह रूप उन लोगों के लिए प्रेरणा बन सकता है, जो विवाह और उत्सव के अवसरों पर पारंपरिक चमकीले रंगों की बजाय गहरे रंगों में आकर्षक और शालीन अंदाज अपनाना चाहते हैं। उनका यह शाही रूप इन दिनों मनोरंजन जगत में चर्चा का केंद्र बना हुआ है।

# रोहित-कोहली की वापसी से वनडे श्रृंखला का रोमांच बढ़ा

**बर्मिंघम में शुरू हुआ भारत का जोरदार अभ्यास**




- 14 जुलाई से इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला, रोहित शर्मा ने तीन घंटे तक किया बल्लेबाजी अभ्यास, कोहली-बुमराह भी लय हासिल करने में जुटे

**बर्मिंघम।** इंग्लैंड के खिलाफ 14 जुलाई से शुरू होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला से पहले भारतीय दल ने अपनी तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। हाल ही में समाप्त हुई टी-20 श्रृंखला के बाद अब अनुभवी खिलाड़ियों की वापसी से भारतीय खेमे में नया उत्साह दिखाई दे रहा है। कप्तान शुभमन गिल की अगुआई में टीम ने बर्मिंघम में अभ्यास सत्र आयोजित किया, जिसमें रोहित शर्मा, विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह, केएल राहुल, कुलदीप यादव और गुरनूर बराड़ समेत सात खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।

टी-20 श्रृंखला में शामिल नहीं रहे वरिष्ठ खिलाड़ियों ने अभ्यास मैदान पर जमकर पसीना बहाया। बल्लेबाजों ने लंबे समय तक नेट सत्र में भाग लिया, जबकि गेंदबाजों ने परिस्थितियों के अनुरूप अपनी रणनीति को धार देने का प्रयास किया। अभ्यास सत्र की निगरानी क्षेत्ररक्षण प्रशिक्षक टी. दिलीप और स्पिन गेंदबाजी प्रशिक्षक साईराज बहुतुले ने की।

सबसे अधिक चर्चा रोहित शर्मा के अभ्यास की रही। भारतीय कप्तान ने लगातार लगभग तीन घंटे तक बल्लेबाजी की और मैच जैसी परिस्थितियां तैयार कर विभिन्न प्रकार के शॉट खेलने का अभ्यास किया। उन्होंने नेट के भीतर और बाहर दोनों तरह से बल्लेबाजी की। विशेष रूप से मैदान पर खड़े खिलाड़ियों के बीच से गेंद निकालने का अभ्यास किया गया ताकि मैच के दौरान रन बनाने के विकल्पों को और प्रभावी बनाया जा सके। लंबे कद के तेज गेंदबाज गुरनूर बराड़ की कुछ गेंदों ने रोहित को परेशान भी किया, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि वह अपनी तकनीक को और मजबूत करने पर ध्यान दे रहे हैं। विराट कोहली भी पूरे उत्साह के साथ अभ्यास करते दिखाई दिए। उन्होंने जसप्रीत बुमराह, गुरनूर बराड़ तथा एक स्थानीय तेज गेंदबाज की गेंदों का सामना किया। तेज गेंदबाजों के विरुद्ध कुछ अवसरों पर उन्हें संघर्ष करना पड़ा, लेकिन स्पिन गेंदबाजी के सामने वह पूरी तरह सहज नजर आए। अभ्यास के दौरान कोहली ने युवा गेंदबाज गुरनूर बराड़ से लंबी बातचीत की और उन्हें कई उपयोगी सुझाव भी दिए। कप्तान शुभमन गिल और केएल राहुल ने अलग नेट सत्र में बल्लेबाजी अभ्यास किया। दोनों खिलाड़ियों ने परिस्थितियों के अनुरूप लंबी पारी खेलने और साझेदारी विकसित करने पर विशेष ध्यान दिया। भारतीय टीम प्रबंधन की कोशिश है कि टी-20 श्रृंखला की निराशा को पीछे छोड़कर एकदिवसीय प्रारूप में नई शुरूआत की जाए।

# विंबलडन में दिखा वैभव का नया अंदाज

## अभिषेक और युवराज के साथ पहुंचे टेनिस महाकुंभ में

सूट-बूट में नजर आए 15 वर्षीय बल्लेबाज, बोले- जल्दबाजी में अभिषेक भाई ने कराया पूरा इंतजाम; टेनिस के प्रति अपने लगाव का भी किया खुलासा



**लंदन।** भारतीय क्रिकेट के उभरते सितारे वैभव सूर्यवंशी ने मैदान के बाहर भी अपने अंदाज से खेल प्रेमियों का ध्यान खींच लिया। इंग्लैंड दौरे पर भारतीय टी-20 दल का हिस्सा रहे 15 वर्षीय बल्लेबाज विंबलडन पुरुष एकल फाइनल मुकाबला देखने पहुंचे, जहां उनका बिल्कुल अलग रूप देखने को मिला। क्रिकेट पोशाक की जगह औपचारिक परिधान में नजर आए वैभव ने अपनी सादगी और सहजता से सभी का दिल जीत लिया। विंबलडन के प्रतिष्ठित सेंटर कोर्ट में आयोजित खिताबी मुकाबले के दौरान वैभव सूर्यवंशी के साथ भारतीय बल्लेबाज अभिषेक शर्मा और पूर्व हरफनमौला खिलाड़ी युवराज सिंह भी मौजूद रहे। काले रंग के ब्लेजर, सफेद कमीज, धारीदार टाई और धूप के चश्मे में सजे वैभव का यह रूप सोशल मीडिया पर भी चर्चा का विषय बन गया। मैच के दौरान बातचीत में युवा बल्लेबाज ने बताया कि इस खास अवसर के लिए उनकी तैयारी अंतिम समय में हुई। उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा कि उन्होंने अलग से कोई विशेष तैयारी नहीं की थी और जल्दबाजी में अभिषेक शर्मा की मदद से जो व्यवस्था हो सकी, उसी के साथ वह विंबलडन पहुंच गए। वैभव ने माना कि टेनिस के सबसे बड़े मंच का अनुभव लेना उनके लिए बेहद खास अवसर था और वह इसे किसी भी कीमत पर नहीं छोड़ना चाहते थे। इंग्लैंड के खिलाफ हाल ही में समाप्त हुई टी-20 श्रृंखला के बाद भारतीय खिलाड़ियों को कुछ समय का अवकाश मिला था। इसी अवसर का लाभ उठाते हुए वैभव ने विश्व प्रसिद्ध टेनिस प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला देखने का निर्णय लिया। उन्होंने बताया कि वह पिछले कई वर्षों से टेनिस देखते रहे हैं और इस खेल में उनकी गहरी रुचि है। युवा बल्लेबाज ने अपने पसंदीदा टेनिस खिलाड़ियों का भी उल्लेख किया।

# 'सपने ऐसे ही सच होते हैं', सेमीफाइनल से पहले इंग्लैंड का बुलंद हौसला

**रीस जेम्स बोले- विश्व कप में अंतिम चार तक पहुंचना यादगार उपलब्धि, अर्जेंटीना की चुनौती से निपटने को तैयार थ्री लायंस**



**मियामी।** फीफा विश्व कप 2026 के रोमांचक दौर में इंग्लैंड की टीम एक बार फिर खिताब के करीब पहुंच गई है। सेमीफाइनल मुकाबले में अर्जेंटीना से होने वाली टक्कर से पहले इंग्लैंड के प्रमुख खिलाड़ी रीस जेम्स ने टीम के अब तक के सफर को सपनों के सच होने जैसा बताया है। उनका मानना है कि विश्व कप जैसे बड़े मंच पर अंतिम चार में पहुंचना किसी भी खिलाड़ी के लिए गौरव का क्षण होता है। इंग्लैंड ने क्वार्टर फाइनल में नॉर्वे को 2-1 से हराकर सेमीफाइनल का टिकट हासिल किया था। मुकाबले की शुरूआत इंग्लैंड के लिए चुनौतीपूर्ण रही। नॉर्वे ने पहले हाफ में एंड्रियास श्जेल्डरप के गोल की बदौलत बढ़त बना ली थी। हालांकि इसके बाद जूड बेलिंगहम ने शानदार खेल दिखाते हुए पहले बराबरी का गोल दागा और फिर अतिरिक्त समय में विजयी गोल कर इंग्लैंड को जीत दिला दी। इस जीत के साथ इंग्लैंड चौथी बार विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचने में सफल रहा। हैमस्ट्रिंग चोट के कारण टूनामेंट के शुरूआती मुकाबलों से जूझने वाले रीस जेम्स अब पूरी तरह फिट हैं और टीम के लिए अहम भूमिका निभा रहे हैं। नॉर्वे के खिलाफ वह बेंच से मैदान पर उतरे और अपने अनुभव से टीम को मजबूती प्रदान की। रक्षापंक्ति और मध्यपंक्ति दोनों में उनकी उपयोगिता इंग्लैंड के लिए महत्वपूर्ण साबित हो रही है। एक कार्यक्रम के दौरान बातचीत में जेम्स ने कहा कि हर बच्चा विश्व कप में खेलने का सपना देखता है और जब वह सपना हकीकत बनता है तो उसका महत्व शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों में शामिल अर्जेंटीना के खिलाफ सेमीफाइनल खेलना उनके करियर के सबसे विशेष पलों में से एक होगा। टीम इस उपलब्धि से उत्साहित है, लेकिन उसका पूरा ध्यान अगले मुकाबले पर केंद्रित है। जेम्स ने बताया कि मैदान पर किसी बड़े गोल या जीत का जश्न मनाने के लिए खिलाड़ियों के पास बहुत कम समय होता है। मैच समाप्त होते ही अगली चुनौती की तैयारी शुरू हो जाती है। यही वजह है कि इंग्लैंड की टीम पिछली सफलताओं में उलझने के बजाय लगातार आगे बढ़ने की सोच रखती है। अब इंग्लैंड की नजर अर्जेंटीना के खिलाफ होने वाले बहुप्रतीक्षित सेमीफाइनल मुकाबले पर है। इस मुकाबले में विश्व फुटबॉल के दिग्गज लियोनेल मेसी भी मैदान पर उतरेंगे। जेम्स ने स्वीकार किया कि अर्जेंटीना बेहद मजबूत टीम है और उसके पास अनुभव तथा प्रतिभा दोनों मौजूद हैं, लेकिन इंग्लैंड भी बड़े मुकाबलों के दबाव से घबराने वाली टीम नहीं है। उन्होंने कहा कि बड़े मैचों में दबाव स्वाभाविक होता है, लेकिन पेशेवर खिलाड़ी वर्षों से ऐसे माहौल में खेलते आए हैं। मैदान वही रहता है, खेल वही रहता है, केवल दांव बड़ा हो जाता है। इंग्लैंड की टीम इसी सोच के साथ सेमीफाइनल में उतरने वाली है। अर्जेंटीना और इंग्लैंड के बीच होने वाला यह मुकाबला विश्व कप के सबसे चर्चित मुकाबलों में गिना जा रहा है। विजेता टीम फाइनल में फ्रांस और स्पेन के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से भिड़ेगी। ऐसे में दोनों टीमों के सामने इतिहास रचने का सुनहरा अवसर होगा। विश्व कप के अंतिम चरण में पहुंच चुकी इंग्लैंड की टीम आत्मविश्वास से भरी हुई है और रीस जेम्स के शब्दों में कहें तो उनके लिए यह सफर वास्तव में उन सपनों की कहानी है, जिन्हें पूरा करने के लिए हर खिलाड़ी बचपन से मेहनत करता है।

# सोमवार, 13 जुलाई राशिफल

मेष: आज मेहनत का पूरा फल पाने के लिए धैर्य बनाए रखना होगा। कार्यक्षेत्र में नई जिम्मेदारी मिल सकती है, जिसे आप सफलता से निभाएंगे। परिवार के साथ किसी बात को लेकर संयम रखें। अनावश्यक खर्च से बचें और यात्रा में सावधानी बरतें।

वृष: आज आर्थिक मामलों में धीरे-धीरे सफलता मिलेगी। परिवार के किसी सदस्य की सलाह आपके लिए लाभदायक साबित होगी। नौकरी और कारोबार में स्थिरता बनी रहेगी। सेहत और खान-पान का ध्यान रखें। किसी पुराने कार्य के पूरे होने से मन प्रसन्न रहेगा।

मिथुन: आज आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा और लोगों से मेल-मिलाप का लाभ मिलेगा। करियर में नई योजना पर काम शुरू हो सकता है। निवेश या खर्च के मामलों में जल्दबाजी न करें। भाई-बहनों का सहयोग मिलेगा। छोटी यात्रा के भी योग बन रहे हैं।

कर्क: आज खर्चों पर नियंत्रण रखना जरूरी रहेगा। परिवार के साथ समय बिताने से मन प्रसन्न होगा। कार्यक्षेत्र में मेहनत का अच्छा परिणाम मिलेगा। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है। स्वास्थ्य को लेकर लापरवाही न करें।

सिंह: आज रिश्तों में धैर्य और संयम रखना आपके लिए सबसे जरूरी रहेगा। कार्यक्षेत्र में लाभ के अवसर मिलेंगे, लेकिन जल्दबाजी नुकसान पहुंचा सकती है। मित्रों से सहयोग मिलेगा। परिवार के साथ मधुर व्यवहार रखें। आर्थिक मामलों में सोच-समझकर निर्णय लें।

कन्या: आज करियर में बदलाव के अच्छे संकेत मिल सकते हैं। नई जिम्मेदारियां मिलने की संभावना है। वरिष्ठ अधिकारियों का सहयोग मिलेगा। परिवार का साथ आपके आत्मविश्वास को बढ़ाएगा। स्वास्थ्य और दिनचर्या का ध्यान रखें।

तुला: भाग्य का साथ मिलने से रुके हुए कार्य पूरे हो सकते हैं। यात्रा या धार्मिक कार्यों की योजना बन सकती है। करियर में सकारात्मक बदलाव आएंगे। परिवार और जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। किसी बड़े निर्णय में धैर्य रखें।

वृश्चिक: आज पुराने दस्तावेज या आर्थिक मामलों में सावधानी बरतें। कार्यक्षेत्र में अनुभव का लाभ मिलेगा। किसी गुप्त योजना में सफलता मिल सकती है। परिवार का सहयोग रहेगा। जल्दबाजी में कोई निर्णय न लें।

धनु: आज वैवाहिक जीवन और रिश्तों में गलतफहमी से बचने की जरूरत है। कार्यक्षेत्र में टीम के साथ तालमेल बनाकर चलें। खर्चों पर नियंत्रण रखें। परिवार के साथ समय बिताने से मन प्रसन्न रहेगा। सेहत सामान्य रहेगी।

मकर: नौकरी और कारोबार में सतर्कता से काम लें। नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं। अधिकारियों का सहयोग मिलेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें और अनावश्यक तनाव से बचें। परिवार का साथ आपको आगे बढ़ने का हौसला देगा।

कुंभ: आज प्रेम संबंधों और परिवार में संयम रखना जरूरी है। करियर में पुराने प्रयासों का लाभ मिल सकता है। मित्रों का सहयोग मिलेगा। किसी भी विवाद से दूरी बनाए रखें। स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न करें।

मीन: आज घर-परिवार के मामलों में धैर्य से काम लें। रचनात्मक कार्यों में सफलता मिलने के योग हैं। करियर में नई संभावनाएं बन सकती हैं। परिवार का सहयोग मिलेगा। आर्थिक मामलों में सोच-समझकर निर्णय लें।



डॉ. शिल्पा जैन
(एस्ट्रोलॉजर)
मो. 942560752

# मेरी झोपड़ी के भाग आज खुल जाएंगे...

## माँ शेरांवाली माता जागरण में उमड़ा आस्था का सैलाब

एनएनआई



**आगरा।** शिवाजी मार्केट एसोसिएशन द्वारा आयोजित 41वें विशाल माँ शेरांवाली माता जागरण एवं चौकी का आयोजन श्री राम हनुमान मंदिर, बिजलीघर शिवाजी मार्केट स्थिति भव्य सजे पंडाल में अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ, कार्यक्रम का शुभारंभ पं अवधेश शर्मा, पं विकास आंनद भारद्वाज वृंदावन द्वारा पूजा अर्चन करा एसोसिएशन के अध्यक्ष पंकज सचदेवा, संरक्षक श्याम भोजवानी एवं समस्त पदाधिकारियों ने विधिवत माता रानी की ज्योति प्रज्वलित कर किया, डॉ भरत एंड पार्टी द्वारा भजन गायको बलवीर सिंह, रजत, महक राठौर, सचिन मनचंदा ने मेरी झोपड़ी के भाग आज खुल जाएंगे, माँ आएगी माँ आएगी, तेरी जय हो शेरांवाली, तेरी जय जयकार तथा चलो बुलावा आया है, माता ने बुलाया है जैसे भक्तिमय भजनों की मनमोहक प्रस्तुतियां देकर श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया,माता रानी, भोलेनाथ तथा राधा-कृष्ण की मनोहारी झांकियों ने उपस्थित श्रद्धालुओं का मन मोह लिया, भव्य रूप से सजे पंडाल में हजारों श्रद्धालुओं ने माता रानी के दर्शन कर माथा टेका तथा जयकारों के बीच भक्ति का आनंद लिया, अनेक गणमान्य नागरिक भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे, विधिवत माता रानी को भोग अर्पित कर सभी श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया गया, संपूर्ण वातावरण मैया के जयघोष से भक्तिमय हो उठा, मुख्य से अध्यक्ष पंकज सचदेवा, संरक्षक श्याम भोजवानी, अमित भाटिया, प्रदीप लूथरा, आजाद जैन, अखलेश गुप्ता, हेमंत गिदवानी, योगेश छठवानी, प्रमोद खंडेलवाल, पंकज भाटिया, अशोक कुमार, जसप्रीत सिंह, लूथरा, लक्ष्मण छाबडा, शोभी भाई, सुरेन्द्र भाटिया, दीप सहगल, दीपक वाधवा, भगवान राठौर, आशु, जॉनी, राहुल, सौरभ, ओमी आदि।

# 'घर के वास्ते' में कविता की बही रसधार

- स्वयं श्रीवास्तव और मानिका दुबे ने श्रोताओं को किया मंत्रमुग्ध
- शहर सहित आसपास के जिलों से पहुंचे साहित्य प्रेमी




**आगरा (एनएनआई)।** शहर के प्रमुख सांस्कृतिक केंद्र सूरसदन में आयोजित बहुप्रतीक्षित काव्य संध्या 'घर के वास्ते' में साहित्य और कविता का अनूठा संगम देखने को मिला। देश के लोकप्रिय युवा कवि स्वयं श्रीवास्तव एवं चर्चित कवयित्री मानिका दुबे ने अपनी प्रभावशाली प्रस्तुतियों से देर रात तक श्रोताओं को बांधे रखा। सभागार में मौजूद श्रोताओं ने हर रचना पर तालियों की गूंज से कवियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। स्वागत उद्बोधन के बाद स्वयं श्रीवास्तव ने परिवार, रिश्तों, प्रेम, सामाजिक सरोकारों और मानवीय संवेदनाओं पर आधारित अपनी चर्चित रचनाओं का पाठ किया। उनकी सहज प्रस्तुति, प्रभावशाली मंच संचालन और भावपूर्ण अभिव्यक्ति ने श्रोताओं को भावुक भी किया और कई स्थानों पर हास्य एवं व्यंग्य से ठहाके लगाने पर भी मजबूर कर दिया। इसके बाद मंच संभालते हुए मानिका दुबे ने नारी संवेदना, समकालीन समाज और जीवन के विविध पहलुओं पर आधारित अपनी सशक्त कविताओं की प्रस्तुति दी। उनकी ओजपूर्ण एवं भावपूर्ण अभिव्यक्ति को भी श्रोताओं ने खूब सराहा। कार्यक्रम के दौरान कई बार पूरा सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।

# व्यापारियों की प्रगति के लिए 'आरबीएन ग्लोबल' का भव्य शुभारंभ

## 5 वर्षों में 100 करोड़ कारोबार का लक्ष्य




- नेटवर्किंग और मार्केट विस्तार में करेंगे सहयोग

एनएनआई

**आगरा।** होटल अतिथिवन, वाटर वर्क्स क्रॉसिंग को रीजेंट बिजनेस नेटवर्क 'आरबीएन' ग्लोबल की भव्य लॉन्चिंग मीटिंग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रगीत के साथ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में चैंबर ऑफ फूड प्रोसेसिंग इंडस्ट्रीज, आगरा चैप्टर के जनरल सेक्रेटरी अनुज सिंघल उपस्थित रहे। उन्होंने व्यापारियों को एक मजबूत नेटवर्क के माध्यम से आगे बढ़ने की आवश्यकता पर बल देते हुए आरबीएन ग्लोबल की पहल की सराहना की। कार्यक्रम का संचालन संस्था के क्षेत्रीय निदेशक उपेन्द्र अवस्थी एवं शिवम गर्ग ने संयुक्त रूप से किया। अपने संबोधन में उपेन्द्र अवस्थी ने बताया कि आरबीएन ग्लोबल एक ऐसी अनूठी बिजनेस नेटवर्किंग संस्था है, जिसका उद्देश्य व्यापारियों, उद्यमियों, प्रोफेशनल्स, निमार्ताओं एवं सेवा प्रदाताओं की सेल्स, नेटवर्किंग और मार्केट विस्तार में सहयोग करना है। संस्था क्षेत्रीय प्रमुख शिवम गर्ग ने कहा कि आरबीएन ग्लोबल ऐसा मंच है, जहाँ प्रत्येक सदस्य केवल अपना ही नहीं बल्कि एक-दूसरे के व्यवसाय की भी मार्केटिंग करेगा। उन्होंने बताया कि संस्था ने अगले पाँच वर्षों में अपने सदस्यों के माध्यम से 100 करोड़ के व्यापार का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है। इस अवसर पर मयंक गर्ग, अंकित अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल, अमन अवस्थी, जितेंद्र अवस्थी, योगेश वर्मा, अर्पण गोयल, नीतेश उपाध्याय, आशीष गोयल, मोहम्मद आदिल, सागर अग्रवाल, देवेश अग्रवाल, प्रतीक जैन सहित अनेक उद्यमी, व्यापारी एवं प्रोफेशनल्स उपस्थित रहे।

